पंचम माला, खंड 61 अंक 32, मंगलवार, 4 मई, 1976/14 वैशाख, 1898 (शक)

Fifth Series, Vol. LXI No. 32, Tuesday, May 4, 1976/Vaisakha 14, 1898 (Saka)

लोक-सभा वाद-विवाद

का

संक्षिप्त अनूदित संस्करण

SUMMARISED TRANSLATED VERSION
OF
LOK SABHA DEBATES

[16वां सत्र
Sixteenth Session]

5th Lok Sabha

[खंड 61 में अंक 31 से 40 तक हैं
Vol. LXI contains Nos. 31 to 40]

लोक-सभा सचिवालय
नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

मूल्य : दो रुपये

Price : Two Rupees

[यह लोक सभा वाद-विवाद का संक्षिप्त अनूदित संस्करण है और इसमें अंग्रेजी/हिन्दी में दिए गए भाषणों आदि का हिन्दी/अंग्रेजी में अनुवाद है ।

This is translated version in a summary form of Lok Sabha Debates and contains Hindi/English translation of speeches etc. in English/Hindi.]

424LSS/76—GIPF.

विषय सूची CONTENTS

अंक 32, मंगलवार, 4 मई, 1976/14 वैशाख, 1898 (शक)
No. 32, Tuesday, May 4, 1976/Vaisakha 14, 1898 (Saka)

विषय	Subject	पृष्ठ Pages 1—16
प्रश्नों के मौखिक उत्तर	ORAL ANSWERS TO QUESTIONS	
तारांकित प्रश्न संख्या 648, 664, 649, 650, 652, 656, 658 से 660	Starred Questions Nos. 648, 664, 649, 650, 652, 656, 658 to 660	
प्रश्नों के लिखित उत्तर	WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS	16 65
तारांकित प्रश्न संख्या 651, 653, 655, 657, 661, 662 और 665 से 667	Starred Questions Nos. 651, 653, 655, 657, 661, 662 and 665 to 667	
अतारांकित प्रश्न संख्या 3204 से 3214, 3216 से 3296 और 3298 से 3305	Unstarred Questions Nos. 3204 to 3214, 3216 to 3296 and 3298 to 3305	
सभा का कार्य	Business of the House	66
सभा पटल पर रखे गए पत्र	Papers laid on the Table	66—69
अतिरिक्त उपलब्धियां (अनिवार्य निक्षेप) संशोधन विधेयक—पुरःस्थापित	Additional Emoluments (Compulsory Deposit) Amendment Bill-*Introduced* :	66—69
श्री सी० सुब्रह्मण्यम	Shri C. Subramaniam	67
श्री एस० एम० बनर्जी	Shri S. M. Banerjee	67—68
अनुदानों की मांगें, 1976-77	Demands for Grants, 1976-77	69—90
कृषि और सिंचाई मंत्रालय	Ministry of Agriculture and Irrigation:	
डा० के० एल० राव	Dr. K. L. Rao	69—70
प्रो० शेर सिंह	Prof. Sher Singh	70
श्री डी० एन० तिवारी	Shri D. N. Tiwary	70—71
श्री भाल जी भाई परमार	Shri Bhal Ji Bhai Parmar	71
श्री दरबारा सिंह	Shri Darbara Singh	71—72
श्री विभूति मिश्र	Shri Bibhuti Mishra	72
श्री गैंदा सिंह	Shri Genda Singh	72
श्री अनन्त प्रसाद धूसिया	Shri Anant Prasad Dhusia	72—73

किसी नाम पर अंकित यह † इस बात का द्योतक है कि प्रश्न को सभा में उस सदस्य ने वास्तव में पूछा था।

The Sign † marked above the name of a Member indicated that the question was actua asked on the floor of the House by him.

विषय	SUBJECT	पृष्ठ PAGES
श्री नटवरलाल पटेल	Shri Natwar Lal Patel	73
श्री मणि राम गोदरा	Shri Mani Ram Godara	73
श्री राम चन्द्र विकल	Shri Ram Chandra Vikal	73—74
श्री शाह नवाज खां	Shri Shahnawaz Khan	74—76
श्री नवल किशोर सिंह	Shri Nawal Kishore Sinha	76
श्री एम० कत्तामुतु	Shri M. Kathamuthu	76—77
श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा	Shri Sukhdeo Prasad Verma	77—78
श्री के० सूर्यनारायण	Shri K. Suryanarayana	78
श्री नाथू राम अहिरवार	Shri Nathu Ram Ahirwar	78—79
श्री के० एम० 'मधुकर'	Shri K. M. 'Madhukar'	79
प्रो० नारायण चन्द्र पराशर	Prof. Narain Chand Parashar	79—80
श्री डी० डी० देसाई	Shri D. D. Desai	80—81
श्री शिवाजी राव एस० देशमुख	Shri Shivaji Rao S. Deshmukh	81—82
श्री नरेन्द्र सिंह बिष्ट	Shri Narendra Singh Bisht	83
श्री परिपूर्णानन्द पेन्यूली	Shri Paripoornanand Painuli	83
श्रीमती सहोदराबाई राय	Shrimati Sahodrabai Rai	83—84
श्री के० लकप्पा	Shri K. Lakkappa	84
श्री दिनेश चन्द्र गोस्वामी	Shri Dinesh Chandra Goswami	84—85
श्री पुरुषोत्तम काकोदुकर	Shri Purushottam Kakodkar	85—86
श्री पटाभिराम राव	Shri Pattabhi Rama Rao	86—87
श्री राजदेव सिंह	Shri Rajdeo Singh	87—88
श्री भोगेन्द्र झा	Shri Bhogendra Jha	88
श्री गंगाचरण दीक्षित	Shri G. C. Dixit	88
श्री हरी सिंह	Shri Hari Singh	89
श्री एम० राम गोपाल रेड्डी	Shri M. Ram Gopal Reddy	89
श्री सी० के० चन्द्रप्पन	Shri C. K. Chandrappan	89—90

लोक सभा
LOK SABHA

मंगलवार, 4 मई, 1976/14 वैशाख, 1898 (शक)
Tuesday, May 4, 1976/Vaisakha 14, 1898 (Saka)

लोक-सभा ग्यारह बजे समवेत हुई
The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
MR. SPEAKER *in the Chair*]

प्रश्नों के मौखिक उत्तर
ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

अध्यक्ष महोदय : श्री शंकर राव सावंत ।

श्री शंकर राव सावंत : प्रश्न संख्या 648

श्री वसन्त साठे : मैं अनुरोध करता हूं कि प्रश्न संख्या 664 को, जो इसी विषय के बारे में है, इसके साथ लिया जाये ।

अध्यक्ष महोदय : जी हां, इन्हें एक साथ लिया जाये ।

रेलवे की दृष्टि से महाराष्ट्र में पिछडे क्षेत्र

*648. **श्री शंकर राव सावंत** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे की दृष्टि से महाराष्ट्र के किन क्षेत्रों को पिछड़े हुए क्षेत्र माना गया है;

(ख) चालू वर्ष में इन पिछड़े हुए क्षेत्रों में कितनी धनराशि खर्च करने की व्यवस्था की गई है; और

(ग) इस राशि को किस प्रकार खर्च किया जायेगा ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) से (ग) एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है ।

विवरण

भाग (क)

नयी रेल लाइनों के निर्माण के लिए कोई क्षेत्र पिछड़ा है ऐसा समझने के लिए रेल मंत्रालय ने कोई मापदण्ड नहीं निर्धारित किया है । पिछड़े क्षेत्रों में रेल लाइनों के निर्माण के लिए राज्य सरकार की सिफारिशों पर विचार किया जाता है ।

भाग (ख) और (ग)

धन की व्यवस्था राज्यवार या क्षेत्रवार नहीं की जाती तथापि, महाराष्ट्र राज्य में अंशतः अथवा पूर्णतः पड़ने वाली निम्नलिखित परियोजनाओं का सर्वेक्षण अथवा निर्माण के लिए अनुमोदन कर दिया गया है ।

क्रम संख्या	परियोजना का नाम	अनुमानित खर्च (करोड़ रुपयों में)	1976-77 में प्रस्तावित पूंजी (लाख रुपयों में)	टिप्पणी
1.	दीवा से बेसीन तक एक बड़ी रेल लाइन का निर्माण	12.75	350.0	निर्माण कार्य चालू है ।
2.	वानी से चनाका तक एक नयी बड़ी लाइन का निर्माण	5.3	10.0	" "
3.	मनमाड-परभनी-पुर्ली-बैजनाथ का मीटर लाइन से बड़ी लाइन में बदलाव	31.36	4.5	निर्माण के लिए अनुमोदन कर दिया गया है ।
4.	आप्ता से मेंगलूरु तक एक नयी बड़ी लाइन का निर्माण	300.0	—	सर्वेक्षण जारी है ।
5.	आप्टा-दासगांव मार्ग पर रोहा से मुरुद (जंजीरा) तक एक शाखा लाइन का निर्माण	5.0	—	" "
6.	मिरज-लातूर-छोटी लाइन खंड का बड़ी लाइन में बदलाव	49.74	—	सर्वेक्षण पूरा हो चुका है । रिपोर्ट की जांच की जा रही है ।
7.	परभनी-मुदखेड-अदिलाबाद मीटर लाइन का बड़ी लाइन में आमान परिवर्तन और इसका घूघस तक विस्तार	राज्य सरकार के खर्च पर सर्वेक्षण किया जा रहा है ।		सर्वेक्षण जारी है ।
8.	वर्धा से काटोल तक एक नयी बड़ी लाइन का निर्माण	12.0	(—).10	सर्वेक्षण रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है ।

कोंकण रेल लाइन की स्वीकृति के लिए ज्ञापन

*664. **श्री वसंत साठे :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोंकण रेल लाइन सम्बन्धी प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति देने के लिए अनुरोध करते हुए महाराष्ट्र, कर्नाटक और गोआ के जन प्रतिनिधियों से सरकार को एक ज्ञापन प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी महत्वपूर्ण तथ्य क्या है; और

(ग) इस मामले में क्या कार्यवाही/निर्णय किया गया है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) से (ग) एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है ।

विवरण

(क), (ख) : कोंकण रेलवे के निर्माण के लिए संसद सदस्यों, सार्वजनिक संस्थाओं, और महाराष्ट्र, कर्नाटक और गोआ की राज्य सरकारों की ओर से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ।

(ग): आप्टा-मेंगलूर रेल लाइन के आप्टा से दासगांव तक के भाग का अन्तिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण पूरा हो चुका है । दासगांव और रत्नागिरी के बीच का अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण, जिसमें रत्नागिरि और मेंगलूर के बीच स्थल जांच शामिल है, जारी है । आप्टा-दासगांव रेल लाइन का यातायात सर्वेक्षण और वित्तीय मूल्यांकन 1976-77 के रेलवे बजट में शामिल कर लिया गया है जिस पर अनुमानत: 85,000 रुपये की लागत आयेगी । प्रस्तावित सर्वेक्षणों और वित्तीय मूल्यांकन के पूरा हो चुकने के बाद ही इस परियोजना का निर्माण शुरू करने के बारे में विचार किया जायेगा बशर्ते धन उपलब्ध हो ।

श्री शंकर राव सावंत : वास्तव में उत्तर बड़ा अजीब है क्योंकि सरकार ने यह नहीं बताया है कि कौन-2 से पिछड़े क्षेत्र हैं । सभा में कई बार यह स्वीकार किया गया है कि कोकंण तथा समूचा तटीय क्षेत्र पिछड़ा क्षेत्र है । पता नहीं सरकार इस बात को क्यों नहीं मानती ।

दूसरे, कई संसद सदस्यों ने अभ्यावेदन दिया है जिसमें आप्टा-दासगांव सेक्शन पर, जो आप्टा-मंगलूर लाइन का एक अंग है, कार्य आरम्भ करने के लिये सरकार से अनुरोध किया गया है । अन्तिम सरकारी सर्वेक्षण पूरा हो चुका है परन्तु इस वर्ष मद संख्या 4 के निर्माण के लिये परिव्यय नहीं रखा गया है । ऐसा क्यों है ? यदि आप्टा-मंगलूर सेक्शन पर कार्य आरम्भ नहीं किया जा सकता तो कम से कम आप्टा-दासगांव सेक्शन पर कार्य आरम्भ न करने के क्या कारण हैं ?

श्री बूटा सिंह : प्रश्न के दो भाग हैं । सदस्य ने पूछा है कि हमने पिछड़ा क्षेत्र घोषित करने के लिये कोई मापदण्ड क्यों नहीं अपनाया है । विवरण में दिये गये उत्तर में रेलवे द्वारा निर्धारित किये गये ऐसे किसी मापदण्ड का उल्लेख नहीं है क्योंकि रेलवे स्वयं ऐसा मापदण्ड निर्धारित नहीं करती । योजना आयोग या सम्बन्धित राज्य सरकार इस बात के लिये अनुरोध करे कि यह क्षेत्र पिछड़ा क्षेत्र है, कृपया नई रेलवे लाइनों के लिये सर्वेक्षण कार्य आरम्भ करें । इस सन्दर्भ में रेलवे स्वयं किसी क्षेत्र को पिछड़ा क्षेत्र घोषित नहीं करती ।

प्रश्न के भाग (दो) के बारे में मुझे यह कहना है कि आप्टा-दासगांव सेक्शन के सर्वेक्षण के लिये 85,000 रुपये निर्धारित किये गये थे और सर्वेक्षण प्रतिवेदन उपलब्ध हो चुके हैं । हम उन प्रतिवेदनों का विश्लेषण कर रहे हैं और संसाधनों के उपलब्ध होने पर हम इस परियोजना को अवश्य आरम्भ करेंगे ।

श्री शंकर राव सावंत : गत तीन वर्षों से इसी प्रकार का उत्तर दिया जा रहा है । राशि कब उपलब्ध होगी ? समूची आप्टा-मंगलूर लाइन के लिये योजना आयोग इतनी

अधिक धनराशि देने को तैयार नहीं है। परन्तु आप्टा-दासगांव लाइन के लिये केवल 14 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। आप योजना आयोग से 14 करोड़ रुपये देने का अनुरोध करें और इस कार्य को आरम्भ करें। वास्तव में राज्य सरकार ने इस लाइन पर कुछ कार्य किया है और उसे खत्म किया जा रहा है। यह लाइन राष्ट्रीय हित में आवश्यक है। इस तथ्य को ध्यान में रखकर कि कई वर्ष पूर्व सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, क्या आप आप्टा-दासगांव लाइन पर कम से कम इस वर्ष कार्य आरम्भ करेंगे ?

श्री बूटा सिंह : निस्सन्देह राज्य सरकार ने सूखा राहत कार्य के रूप में यह कार्य आरम्भ किया गया था और राज्य सरकार ने हालात सुधरने पर कहा कि अब हम इस कार्य को नहीं कर सकते; रेलवे को इसे नियमित परियोजना मानना चाहिये। हमने योजना आयोग से बातचीत की परन्तु दुर्भाग्यवश योजना आयोग के लिये इस लाइन के निर्माण के लिये धनराशि नियत करना सम्भव नहीं था।

श्री वसन्त साठे : मैं रेल मंत्री से यह जानना चाहता हूं कि क्या हम गोआ से कर्नाटक तक तटीय क्षेत्र, जहां कोई अन्य संचार सुविधा नहीं है, में रेलवे लाइन बिछाना आर्थिक रूप से आवश्यक समझते हैं ? एक बार यह महसूस करने पर कि आर्थिक रूप से यह वांछनीय है, तो इसमें विलम्ब नहीं होना चाहिये। इसमें और कितने वर्ष लगेंगे ? अब कीमत पुनः बढ़ गई है। आपने सर्वेक्षण के लिये केवल 85,000 रुपये का प्रावधान किया है। मुझे पता नहीं कि क्या सर्वेक्षण पूरा हुआ है या नहीं कम से कम रेलवे को स्वयं पूरा सर्वेक्षण करना चाहिये। इसके लिये आपको योजना आयोग के पास जाने की आवश्यकता नहीं। आपको धन के लिये योजना आयोग के पास जाना होगा और ऐसा चरणों में किया जा सकता है। आपको 14 करोड़ रुपये की धनराशि एक दम नहीं चाहिये। कोई रेलवे लाइन एक दिन में नहीं बनती। मामले की वास्तविक स्थिति क्या है ?

श्री बूटा सिंह : यह कहना सही नहीं है कि कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है। सर्वेक्षण किया गया है। इस पर काफी विचार किया गया है। सर्वेक्षण किया गया था। प्रतिवेदन से पता चला है कि लगभग 108 कि० मी० लम्बे आप्टा-दासगांव सेक्शन की निर्माण लागत 13.90 करोड़ रुपये होगी जिसमें चल स्टाक की लागत शामिल नहीं है और आप्टा-मंगलूर लाइन की, जो लगभग 909 कि० मी० लम्बी है, अनुमोदित लागत 300 करोड़ रुपये होगी। हमारी ओर से कोई विलम्ब नहीं है। स्वयं प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह बहुत महत्वपूर्ण परियोजना है और इसे यथाशीघ्र आरम्भ किया जाना चाहिये। परन्तु दुर्भाग्यवश हमें धन उपलब्ध नहीं कराया गया है। योजना आयोग कोई अड़चन नहीं पैदा कर रहा है। उनकी अपनी प्राथमिकताएं हैं और वे देश की समूची वित्तीय स्थिति को देखते हैं। किसी के लिये यह बताना कठिन है कि इस तारीख तक इसे आरम्भ किया जायेगा।

श्री वसन्त साठे : मैं जानना चाहता हूं कि क्या रेल मंत्रालय ने इस परियोजना की आर्थिक व्यवहारिकता पर विचार करने का कोई प्रयास किया है ? इसका अर्थ है कि आप कुछ धनराशि लगाते हैं चाहे आप इसे वित्तीय संस्थानों से या विश्व बैंक से लेते हैं और कितने वर्षों में यह राशि वापस की जा सकती है। क्या रेल मंत्रालय ने इस पर आर्थिक प्रस्ताव के रूप में विचार किया है ?

रेल मंत्री (श्री कमलापति त्रिपाठी) : इस सुझाव पर अमल होना चाहिये। जहां तक धन का प्रश्न है, हम योजना आयोग से योजना के लिये तथा धन के लिये अनमति ले लगे। जब तक ऐसा नहीं होता हम आगे कार्यवाही कैसे कर सकते हैं ?

श्री वसंत साठे : क्या योजना की अनुमति मिल गई है।

श्री बूटा सिंह : प्रस्ताव की अनुमति मिल चुकी है।

श्री वसंत साठे : योजना और प्रस्ताव में अन्तर है। क्या आपने योजना आयोग के समक्ष योजना को अनुमति के लिये रखा है ?

श्री कमलापति त्रिपाठी : जी हां।

श्री दिनेश चन्द्र गोस्वामी : यद्यपि प्रश्न महाराष्ट्र से सम्बन्धित है, माननीय मंत्री ने दो सामान्य वक्तव्य दिये हैं। प्रथम, रेलवे किसी क्षेत्र को पिछड़ा घोषित करने के लिये मापदण्ड निर्धारित नहीं करती, जिससे मेरा कोई मतभेद नहीं है। दूसरे, उन्होंने बताया है कि धन का प्रावधान राज्यवार या क्षेत्रवार नहीं किया जाता। माननीय मंत्री इस बात से सहमत होंगे कि देश के आर्थिक विकास के लिये आधार-भूत ढांचे का निर्माण जिसमें पिछड़े क्षेत्रों में रेल लाइनें बिछाना शामिल है, अत्यन्त आवश्यक है। क्या रेलवे ने पिछड़े क्षेत्रों को रेल लाइनों से जोड़ने की कोई नीति बनाई है ताकि उस क्षेत्र का आर्थिक विकास हो सके ? यदि नहीं, तो पिछड़े क्षेत्रों और औद्योगिक रूप से अल्प-विकसित क्षेत्रों को जोड़ने के बारे में रेलवे की क्या नीति है या रेलवे की कोई नीति है ही नहीं ?

श्री बूटा सिंह : जहां तक भाग 1 का सम्बन्ध है, मैं पहले ही बता चुका हूं। जहां तक नीति का सम्बन्ध है उसके बारे में उत्तर है: जी हां। मैं बताना चाहता हूं कि पिछड़े क्षेत्रों और अल्प-विकसित क्षेत्रों में नई लाइनों के निर्माण के लिये पुराने वित्तीय मापदण्ड में माननीय रेल मंत्री ने 1973-74 में परिवर्तन किया था। एक मापदण्ड निर्धारित किया गया और उसके अनुसार राज्य सरकारों को व्यय का कुछ अंश वहन करना होता है। माप-दण्ड इस प्रकार है :

(i) निर्माण की अवधि के दौरान और पूरा होने या यातायात के लिये खुलने के बाद कुछ निर्दिष्ट वर्षों के लिये सामान्य राजस्व को लाभांश की देयता से पूर्ण या आंशिक छूट;

(ii) मुफ्त भूमि और श्रम देकर निर्माण लागत को कम करने में राज्य सरकारों या स्थानीय प्राधिकारियों की भागीदारी;

(iii) नव-निर्मित लाइन पर लागू किराये और भाड़े की वृद्धि में उचित सामन्जस्य जिसे आम भाषा में 'चार्ज किये जाने वाले माइलेज में वृद्धि' कहा जाता है; और

(iv) सदैव रहने वाले किराये और भाड़े की लेवी ताकि यह मानक किराये और भाड़े के टेलीस्कोपिक ढांचे की क्षतिपूर्ति कर सके।

रेलवे द्वारा निर्धारित की गई यह स्पष्ट नीति है और इसमें कोई अस्पष्ट बात नहीं है।

श्री राजा कुलकर्णी : रेल मंत्रालय को पिछड़े क्षेत्रों के लिये कोई नया मापदण्ड निर्धा-रित करने की आवश्यकता नहीं है। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि जहां ग्रामीण क्षेत्रों में या महा-नगरों से बाहर सरकार ने उद्योग स्थापित करने की अनुमति दी है रेलवे ने उनका विकास नहीं किया है। ये रेलवे की दृष्टि में स्वयं पिछड़े क्षेत्र हैं क्योंकि उद्योग स्थापित करने की

अनुमति नहीं है परन्तु रेलवे लाइन जैसी आधारभूत सुविधाएं नहीं हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए क्या माननीय मंत्री बतायेंगे कि दीवा-बेसीन के लिए स्वीकृत रेल लाइन पर काम निर्धारित समय के अनुसार क्यों नहीं हो रहा है और चालू वर्ष के लिए धन नहीं दिया गया है? इसी प्रकार बम्बई महानगर रेलवे का क्या हुआ जो बम्बई से बाहर ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करेगी और इस परियोजना की क्या प्रगति है?

श्री बूटा सिंह : दीवा-बेसीन रेल लाइन निर्माणाधीन है और इसमें अब तक 23 प्रतिशत प्रगति हुई है। 1976-77 में 3.5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है मार्च, 1980 में काम के पूरा होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

श्री राजा कुलकर्णी : बम्बई महानगर रेलवे का क्या हुआ?

अध्यक्ष महोदय : क्या वह भी पिछड़ा क्षेत्र है? अगला प्रश्न—श्री सामंत।

रेलवे के हिन्दी टाइम टेबल के प्रकाशकों की मांगें

*649. **श्री एस० सी० सामन्त** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे के हिन्दी टाइम टेबल के प्रकाशकों की कितनी मांगे अभी तक पूरी नहीं हुई है;

(ख) रेलवे प्रशासन को उन पर निर्णय लेने में कितना समय लगेगा; और

(ग) क्या हिन्दी टाइम टेबल का प्रकाशन बन्द किये जाने की सम्भावना है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) और (ख) : इस मामले पर रेल प्रशासन द्वारा क्रियात्मक रूप से विचार किया जा रहा है और इस पर शीघ्र ही निर्णय लिये जाने की आशा है।

(ग) जी नहीं।

श्री एस० सी० सामन्त : यह मामला कितने वर्ष पहले रेलवे प्रशासन को भेजा गया था तथा इतना अधिक समय क्यों लिया गया है?

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : वाराणसी स्थित आल इंडिया रेलवे टाइम-टेबल आफिस नामक एक मुद्रण फर्म ने कुछ आर्थिक सहायता और अन्य सुविधाएं दिए जाने के लिए हमें लिखा है तथा इस पर विचार हो रहा है।

हम उन्हें आवश्यक सहायता देने को तैयार हैं यदि वे अखिल भारतीय रेलवे समय सारिणी हिन्दी में छापना जारी रखते हैं। हम उनके इस कार्य का स्वागत करते हैं।

जोनल रेलवे का टाइम-टेबल अंग्रेजी और हिन्दी में छापे जाते हैं।

SHRI D.N. TIWARI : Railways are also used by the people speaking regional languages. What arrangements have been made for them to know the correct timings of the railways ?

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : Time table is published in Hindi as well as regional languages. But here the question is of All India Time Table. It is published by a private publishing company. English version is published by Railway Board. That firm has now said that we do not get paper on control rate and unless it is given it is not possible to publish the Time Table.

SHRI D.N. TIWARI: Then Railway Board is printing the English version, why Hindi version is not published by them?

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : Previously Railway was publishing it, but after wards this work was given to that firm and it is doing it nicely. Now they have demanded certain extra facilities.

SHRI SHANKER DAYAL SINGH: It is strange that the work of printing Railway Time Table in Hindi is not going on smoothly and not being printed in time. Who is the justification of getting the Hindi version published by a private firm when Railways are publishing so many other publications? I want to know the amount so far paider to private firm year-wise?

SHRI HOHD. SHAFI QURESHI: There is no question of giving them the responsibility of printing. We have given then certain facilities. But it is wrong to say that Time Table was never published.

SHRI SHANKAR DAYAL SINGH : I did not say that I said that why Railways are not publishing it themselves.

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI: The firm is doing good work, the printing is good, and the circulation is also sufficient. If there will be some deffect Railways will not have any difficulty in printing it. But what is the need to disturb when work is going in well.

SHRI K. M. MADHUPAI : I congratulate the Railway Ministry for Printing the Time Table in Hindi. But for nation integration, will it not be good step to print it in other national languages ?

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI: In certain places it has been printed in regional languages also and we will not hasitate in printing it is in other remaining languages.

पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री में कमी

*650. **श्री राज देव सिंह :** क्या **पेट्रोलियम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1974 में पेट्रोलियम उत्पादों की वास्तकि बिक्री 250 लाख टन की अनुमानित मांग से घटकर लगभग 210 लाख टन रह गई थी;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1972 और 1973 में उनकी वार्षिक मांग कितनी थी; और

(ग) क्या उक्त वार्षिक मांग में कमी का कारण केवल पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य में वृद्धि है अथवा उसके कुछ अन्य कारण भी हैं ।

पेट्रोलियम मंत्री (श्री के० डी० मालवीय) : (क) और (ख) 1974 में रिफाइनरी वायलर फ्यूल सहित सभी पेट्रोलियम उत्पादों की वास्तविक खपत 2·3 मिलियन मी० टन तक कम हो गई थी, जबकि 1973 में 23.7 मिलियन मी० टन और 1972 में 22.6 मि० मी० टन की खपत हुई थी । अत: 1974 में इन उत्पादों की खपत में 1973 की अपेक्षा 2.8% की कमी हुई जबकि 1973 में 1972 की अपेक्षा 4.7% और 1972 में पिछले वर्ष से 9.6% की वृद्धि हुई थी ।

(ग) पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में यह कमी उनके मूल्यों में हुई वृद्धि के अतिरिक्त अन्य अनेक उपायों के परिणाम स्वरूप हुई है जैसे कोयले के प्रयोग पर जोर देना, ईंधन के प्रयोग में कार्य कुशलता में वृद्धि करना, अनावश्यक खपत का निरुत्साहिक करने के लिये नियमित उपाय करना, आदि ।

SHRI RAJDEO SINGH : Government have increased the prices of petroleum products whenever there have been increase in the price of imported crude. In Delhi at present the price of petrol is Rs. 3·39 per litre and this includes Rs. 2·36 as taxes. On account of such a high price of petrol, the petrol pump agents mix kerosene in it. So, I want to know the number of pump agents caught mixing kerosene inpetrol?

SHRI K. D. MALAVIYA : Some petrol pump agents have been caught but this moment I do not have the figure. There has always been heavy burden of taxes over petrol. It was increased because we wanted to reduce the consumption of petrol so as to save foreign exchange. Therefore, the prices were increased as a policy, moreover it is a source of income in whole of the world.

SHRI RAJDEO SINGH: Hon. Minister informed that prices of petrol were increased to reduce its consumption but it has increased accidents, because people drive fast so as to save petrol, Auto industry had badly effected on account of this. For reducing the consumption of petrol whether government intend to introduce rationing of petrol.

SHRI K. D. MALAVIYA : It is a suggestion. Government is carefully watching the situation and when such a situation will come I will let you know.

SHRI BIBHUTI MISHRA : Daily I read in the news papers that oil has struck in so many oils. Now kerosene should be given on control price, at least to the farmers. Government may increase the price of petroleum products used for medicines, aeroplanes and driving cars. State governments should be instructed to supply kerosene on reduced price to the poor people of the society.

SHRI K. D. MALAVIYA: This is the policy of government to supply kerosene in adequate quantity to villagers on low price. We often write to the states in this respect. Unfortunately we were not able to get the required co-operation from some states. We will consider this and try to sell kerosene on the fixed price.

श्री प्रियरंजन दास मुंशी : गत 3 वर्ष से पैट्रोलियम के उत्पादों के विक्रय एजेन्टों के रूप में युवा स्नातक, विज्ञान स्नातक तथा अन्य इंजीनियर काम कर रहे हैं। 1954 से 1975 के बीच विक्रेता का कमीशन मात्र 4 पैसे ही रहा है। इसके अतिरिक्त उन्हें अधिभार भी देना होता है तथा यह एकाधिकार प्रतिबन्धात्मक व्यापार प्रक्रिया आयोग के अन्तर्गत विवादग्रस्त है। क्या मंत्री महोदय उनके लाभ को संतुलित करने के प्रश्न पर विचार करेंगे जिससे कि वे अपनी आजीविका चला सकें और क्या 4 पैसे के लाभ को और बढ़ाया जाएगा जिससे कि अधिभार उपभोक्ता से न लिया जाए ?

श्री के० डी० मालवीय : कमीशन को बढाना और मूल्यों को कम करना, ये दोनों बातें एक साथ कैसे चल सकती हैं। इस सम्बन्ध में पश्चिम बंगाल से कुछ अभ्यावेदन हमें मिले हैं।

राज्य सरकारों के सहयोग से हम मिट्टी तेल का मूल्य घटा सकते हैं और उसके वितरण को सुव्यवस्थित कर सकते हैं, जिससे कि लाभ कमाना कम हो सके और उपभोक्ताओं को हानि न हो।

श्री इन्द्रजीत गुप्त : क्या मंत्री महोदय इस आरोप को गलत सिद्ध करने के लिए आंकड़े दे सकते हैं कि पैट्रोल की खपत केवल व्यक्तिगत गाड़ियों के सम्बन्ध में ही कम हुई है और जहां तक सरकारी विभागों और उपक्रमों का सम्बन्ध है यह खपत पहले ही के समान है ?

श्री के० डी० मालवीय : इस सम्बन्ध में मेरे पास आंकड़े नहीं है। हो सकता है जो माननीय सदस्य ने कहा वह सच हो। संस्थानों और सरकारी निकायों के कार्य भार के कारण उनमें पैट्रोल की खपत कम करना संम्भव नहीं है। तथापि हम उन्हें कम करने को कह रहे हैं। कुछ विभागों में पैट्रोल के उपयोग में कमी होने की जानकारी हमें मिली है।

रसायनों का आयात

*652. **श्री सरदार स्वर्ण सिंह सोखी** : क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विदेशों में आयातित रसायनों के नाम क्या हैं और उन पर प्रतिवर्ष कितनी विदेशी मुद्रा व्यय की जाती है;

(ख) क्या उक्त रसायनों का देश में उत्पादन किया जा सकता है; और

(ग) यदि हां, तो उनके भारत में निर्माण के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सी० पी० मांझी) : (क) 1974-75 में लगभग 721 करोड़ रुपये के मूल्य के रसायनों का आयात किया गया। रसायनों के ग्रुप-वार ब्यौरे तथा उनके मूल्य वाणिज्यिक आसूचना तथा सांख्यिकी विभाग कलकत्ता द्वारा प्रकाशित 'मन्थली स्टैटिस्टिक आफ फारेन ट्रेड आफ इण्डिया' नामक पुस्तिका में दिये गये हैं।

(ख) इनमें से अनेक रसायनों का देश में उत्पादन हो रहा है किन्तु उत्पादन एवं मांग के अन्तर को आयात से पूरा करना पड़ता है। कुछ ऐसे रसायन हैं जिनका देश में उत्पादन नहीं किया जा रहा है तथा उनकी मांग को आयात द्वारा पूरा किया जाता है। आत्मनिर्भरता को प्राप्त करने के लिए उत्पादन क्षमता में वृद्धि। विकास करने हेतु प्रयत्न किये जा रहे हैं। आयात व्यापार नियंत्रण नीति के अनुसार निर्यात में वृद्धि करके आयात भी किया गया है।

(ग) रसायन उद्योग के सन्तुलित एवं एकीकृत विकास करने के लिए आवश्यक निवेश सहित विभिन्न निदेशों की व्यवस्था करने की आवश्यकता के बारे में सरकार को पूर्ण रूप में जानकारी है। इस सम्बन्ध में विशिष्ट उपायों के बारे में सरकार द्वारा प्रकाशित वार्षिकीय अंक "गाइड लाइन्स फार इण्डस्ट्रीज" (उद्योगों के लिए मार्गसूचक सिद्धान्त) में दिये गये हैं।

SARDAR SWARAN SINGH SOKHI : I have not get the answer of any question. Why the extracts from the publications referred have not been given ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : हम यह समझते थे कि माननीय सदस्य को खुले रूप में उपलब्ध जानकारी है। यदि वे चाहते हैं .....

SARDAR SWARAN SINGH SOKHI : If I had that information I would have not asked this question.

श्री पी० सी० सेठी : 1974 में उर्वरक समेत रसायनों के निर्यात पर 721 करोड़ रुपया खर्च हुआ। इसमें से 425 करोड़ रुपया निर्मित उर्वरकों पर व्यय हुआ। माननीय सदस्य को ज्ञात होगा कि गत वर्ष विश्व भर में उर्वरकों का मूल्य दुगुना हो कर 2000 रुपये प्रति टन हो गया था। सौभाग्य से अब विश्व के बाजार में मूल्य गिर गये हैं और उसका आयात कम हो जायेगा।

उर्वरक के आयात को कम करने के लिए हम इसमें स्वावलंबी होने का पूरा प्रयत्न कर रहे हैं और उसका उत्पादन बढ़ा रहे हैं। इस वर्ष हमनें अपने उत्पादन लक्ष्य को समय से एक मास पहले पूरा कर लिया है और आशा है इस वर्ष नाइट्रोजन का उत्पादन 18.50 या 19 लाख मी० टन होगा। कृषि मंत्रालय ने 26 लाख मी० टन की मांग रखी जबकि हमारा अनुमान 22 लाख मी० टन का है।

अतः यह अन्तर समाप्त हो रहा है और अनुभव से पता चलता है कि हमारी मांगों का अनुमान कृषि मंत्रालय के अनुमानों से अधिक वास्तविक है।

जहां तक औषधियों जैसी अन्य वस्तुओं के आयात का सम्बन्ध है, 1974-75 के दौरान हमने 45.6 करोड़ रुपये के मूल्य की वस्तुओं का आयात किया था। यहां हम इस बात पर नजर रख रहे हैं क्योंकि 43.12 करोड़ रुपये के मूल्य की औषधियों का निर्यात किया गया था। वस्तुतः औषधियों के आयात एवं निर्यात में व्यापार सन्तुलन केवल 2 करोड़ रुपये से भी कम है। जहां तक अन्य रसायनों का सम्बन्ध है, हम कीटनाशक औषधियों का आयात कर रहे हैं।

लेखा परीक्षा में व्यवस्था में सर्तकता लाने के लिये कार्यवाही

*656. **श्री बाल कृष्ण वेन्कन्ना नायक** : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकारी क्षेत्र में स्थित वित्तीय संस्थाओं द्वारा दिये गये बड़े ऋणों को ध्यान में रखते हुए निजी कम्पनियों को जनता के प्रति और अधिक उत्तरदायी बनाने के लिये सरकार ने लेखा परीक्षा व्यवस्था को सतर्क करने और चार्टर्ड एकाउन्टेंसी संस्थान को सुव्यवस्थित करने के लिये क्या कानूनी और प्रशासनिक कार्यवाही की है; और

(ख) क्या सरकार का विचार सरकारी-क्षेत्र उद्यम ब्यूरों की भांति निजी-क्षेत्र उद्यम ब्यूरो स्थापित करने का है ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री देवव्रत बरुआ) : (क) तथा (ख) : विवरण-पत्र सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

विवरण

कम्पनी (संशोधन) अधिनियम, 1974 द्वारा, कम्पनी अधियिम, 1956 में दो नई धाराएं नामशः 224क और 619ख अन्तर्विष्ट की गई हैं। इन धाराओं में यह अपेक्षित है कि उन कम्पनियों, जिनमें अभिदत्त शेयर पूंजी का चाहे एकाकी या अधिनियम में यथा सूचीबद्ध पब्लिक वित्तीय संस्थानों द्वारा किसी एक के संयोजन में 25 प्रतिशत से कम धारण नहीं है, में लेखा-परीक्षक की नियुक्ति या पुनः नियुक्ति एक विशेष संकल्प द्वारा की जाएगी और जहां इन संस्थानों का शेयर धारण 51 प्रतिशत की उपेक्षा कम नहीं है, वे कम्पनियां सरकारी कम्पनियों की तरह मानी जाएंगी और लेखा परीक्षक की नियुक्ति केन्द्रीय सरकार द्वारा की जाएगी।

जहां तक चार्टर्ड एकाउन्टेंसी संस्थान को सुव्यवस्थित करने का सम्बन्ध है, इस व्यवसाय का कार्यकरण चिर संवीक्षान्तर्गत है तथा तुलनपत्र और लाभ तथा हानि के लेखाओं की लेखा-परीक्षा के विषय में अभी हाल ही में कम्पनी अधिनियम की धारा 227(4क) के अन्तर्गत अधिसूचना लेखा परीक्षकों द्वारा विस्तीर्ण रिपोर्ट देने के लिए मार्ग संदर्शिका का उल्लेख करते हुए, जारी की है।

श्री बी० वी० नायक : गैर सरकारी क्षेत्र की इतनी अधिक कम्पनियों में से कितनी कम्पनियों में सरकार या सरकार का सहायक समस्याओं की 25 प्रतिशत शेयर पूंजी है, और उन कम्पनियों की क्या संख्या है जिनमें सरकार या सरकार की सहायक संस्थाओं और राष्ट्रीयकृत बैंकों की 51 प्रतिशत शेयर पूंजी लगी हुई है ?

श्री बेदब्रत बरुआ : इतनी कम अवधि में मैं ये आंकड़े नहीं दे सकता, लेकिन स्थिति यह है कि कम्पनी अधिनियम के संशोधन द्वारा अब अनेक कम्पनियां शामिल कर ली गई हैं क्योंकि, जहां तक लेखा परीक्षकों का सम्बन्ध है, जिन कम्पनियों में सरकारी वित्तीय संस्थानों, सरकार या अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा 51 प्रतिशत से अधिक शेयरपूंजी लगाई गई है उन कम्पनियों को सरकारी कम्पनी माना जायेगा। जहां तक अन्य कम्पनियों में वित्तीय संस्थानों की पूंजी धारण का सम्बन्ध है, अब इनकी संख्या बहुत हो गई है। जहां तक टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी, एसोसियेटिड सीमेंट कम्पनी आदि जैसी बड़ी कम्पनियों का, जो भारत में विशालतम कम्पनियां हैं, सम्बन्ध है मैं यह कह सकता हूं कि सरकारी वित्तीय संस्थानों द्वारा शेयर धारिता बहुत अधिक है। उदाहरण के लिए एसोसियेटेड सीमेंट कम्पनी में सरकारी वित्तीय संस्थानों की 39 प्रतिशत शेयर धारिता है जबकि कम्पनी का नियंत्रण करने वाले सभी गृहों के 2 प्रतिशत भी शेयर नहीं हैं। 'टिसको' की भी ऐसी ही स्थिति है। और मैं समझता हूं कि इसमें भी 25 प्रतिशत से बहुत शेयर हैं। अतः सभी बड़े उद्योगों में सरकारी वित्तीय संस्थानों में भारी राशि लगा रखी है। मैं इतना ही कह सकता हूं।

श्री बी० वी० नायक : मंत्री महोदय ने कहा है कि समय कम होने के कारण वह आंकड़े नहीं दे सकते, जबकि इस प्रश्न का नोटिस 21 दिन पहले दिया गया था और उन्होंने लम्बा उत्तर दिया है। प्रश्न के भाग (ख) के उत्तर में, कि क्या सरकार का विचार सरकारी क्षेत्र उद्यम ब्यूरो की भांति निजी-क्षेत्र उद्यम ब्यूरो स्थापित करने का है, 'जी नहीं श्रीमान जी, नकारात्मक उत्तर दिया गया है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुये कि आपके पास उन संस्थाओं की संख्या का ब्यौरा नहीं है जहां आपने 25 और 51 प्रतिशत शेयर पूंजी लगा रखी है, अत्यधिक महत्वपूर्ण आंकड़े न होने के कारण, इन कम्पनियों की राज कोष और आप के प्रति अधिक उत्तरदायी बनाने के लिए, क्या यह आवश्यक नहीं है कि सरकार को ऐसे ब्यूरो स्थापित कर जानकारी सम्बन्धी अन्तर दूर करने के लिए एक बार फिर विचार करना चाहिए ?

श्री बेदब्रत बरुआ : मैं स्पष्ट करता हूं कि जानकारी में कोई अन्तराल नहीं है। इस विभाग के पास जानकारी है, लेकिन चूंकि माननीय सदस्य ने मूलतः यह प्रश्न नहीं किया है क्योंकि उनका प्रश्न तो विशेषतया लेखा परीक्षा के बारे में था, इसलिए मैं उन्हें वैधानिक स्थिति बता रहा था। मेरे पास इस समय वे आंकड़े नहीं हैं जो उन्होंने पूछे हैं।

निजी क्षेत्र उद्यम ब्यूरो के बारे में उन्होंने एक नये विचार का सुझाव दिया है। वस्तुतः सरकारी क्षेत्र उद्यम ब्यूरो का विशिष्ट कार्यकरण है। यह सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के कार्यों का निरीक्षण करता है। निजी क्षेत्र का निरीक्षण उसकी अपनी ही प्रबन्ध व्यवस्था करती है और सरकार उनके कार्यों पर प्रशासनिक मंत्रालयों, लेखापरीक्षकों तथा अन्य सरकारी संस्थानों के माध्यम से नियंत्रण रखती है। इसलिए मैं नहीं समझता कि इस कार्य के लिए सरकारी क्षेत्र उद्यमों की भांति निजी क्षेत्र उद्यम ब्यूरो की संकल्पना नहीं की जा सकती।

डा० रानेन सेन : निजी कम्पनियों के लेखों की लेखा परीक्षा किए जाने के बाद भी अनियमितताएं पाई गई हैं क्योंकि कुछ उद्योगपति किसी भांति लेखा परीक्षकों पर अपना प्रभाव जमा लेते हैं और इस सदन में अनेक सदस्यों द्वारा मांग की गई है कि सम्पूर्ण लेखा-

परीक्षा व्यवस्था का राष्ट्रीयकरण किया जाये जिससे भ्रष्टाचार कदाचार तथा अन्य प्रकार की अनियमितताएं समाप्त हो सकतीं हैं ऐसी स्थिति में इस सुझाव के प्रति सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

श्री बेदब्रत बरुआ : जैसा कि मैंने अपने उत्तर में बताया है, गैर-सरकारी क्षेत्र की अधिकांश बड़ी कम्पनियों पर सरकार द्वारा प्रत्यायोजित यू० टी० आई० या अन्य संस्थाओं के माध्यम से सरकार का अधिपत्य है और भारी संख्या में शेयर धारण किए हैं। कुछ कम्पनियों में तो सरकारी क्षेत्र के वित्तीय संस्थाओं के 50 प्रतिशत से अधिक शेयर हैं। वहां लेखा परीक्षकों की सरकार द्वारा नियुक्ति की जाती है। जहां सरकारी वित्तीय संस्थानों के 25 प्रतिशत शेयर होते हैं वहां लेखापरीक्षकों की नियुक्ति के लिए मंजूरी लेनी होती है। यदि वे इसका विरोध करना चाहते हैं तो कर सकते हैं ऐसी स्थिति में 75 प्रतिशत मत प्राप्त कर एक विशेष संकल्प की आवश्यकता होती है। सरकारी कम्पनियों पर तो सरकार का नियंत्रण होता है। अन्य निजी क्षेत्र की कम्पनियों के सम्बन्ध में कम्पनी विधि बोर्ड ने गत नवम्बर में एक आदेश जारी किया है कि लेखा परीक्षकों को इन कम्पनियों के कच्चे माल, प्रबन्ध, उनके ऋणों, उनके जमा खातों, भविष्य निधि आदि की जांच करनी होगी। उन्हें अपनी रिपोर्ट में विशेष रूप से उल्लेख करना है कि इन सभी बातों की जांच करली गई है और उन्हें स्वयं सन्तुष्ट होना है कि ये खाते सही हैं। यह नवम्बर में किया गया है। इस वर्ष से ये सभी बातें तुलन-पत्र में दी जायेगी और इन्हें उपलब्ध किया जायेगा।

डा० रानेन सेन : मैंने लेखापरीक्षा के राष्ट्रीयकरण के बारे में प्रश्न किया था।

श्री बेदब्रत बरुआ : ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

उर्वरकों का जमा हो जाना

*658. **श्री सी० के० चन्द्रप्पन :** क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उर्वरक उद्योग को स्टाक जमा हो जाने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या हैं ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सी० पी० माँझी) : (क) और (ख) एक विवरण पत्र सभा पटल पर प्रस्तुत है।

विवरण

1-4-1976 को निर्माताओं के पास 2.02 लाख मी० टन नाइट्रोजन और 1.10 लाख मी० टन फास्फेट के स्टाक का अनुमान लगाया गया है, इस स्टाक में नाइट्रोजन का 5 सप्ताह से अधिक का उत्पादन और फास्फेट का 14 सप्ताह से अधिक का उत्पादन शामिल है और यह स्टाक बढ़ता जा रहा है।

1975-76 के दौरान प्रचलित अधिक मूल्य उर्वरक के स्टाक के ज़मा होने का मुख्य कारण है। इसके अतिरिक्त अप्रैल का महीना उर्वरक उठाने के लिए मंदा है और खरीद की उठान मई के बाद आरम्भ होने की आशा है।

सरकार ने उर्वरक की उठान में सुधार करने के लिए अनेक उपाय किए हैं। इन में निम्नलिखित शामिल हैं :—

(i) 1 दिसम्बर 1975 से आयातित फोस्फोरिक एसिड पर लगाए जाने वाले कर में 30 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक की कटौती करना;

(ii) 1 दिसम्बर 1975 से सिंगल सुपर फास्फेट पर उत्पाद शुल्क में 15 प्रतिशत से 7-1/2 प्रतिशत तक कटौती करना;

(iii) 10 मार्च 1976 से यूरिएट आफ पोटाश (एम० ओ० पी०) के मूल्य मे प्रति मी० टन 1085 रुपये से 900 रुपये तक कमी करना;

(iv) 16 मार्च 1976 से फास्फेटिक उर्वरक के मूल्य में प्रति मी० टन 1250 रुपये तक की कटौती करना;

(v) 10 मार्च 1976 से यूरिया के मूल्य में प्रति मी० टन 100 रूपये तक की कटौती करना;

यह आशा की जाती है कि खरीफ की फसल के आरम्भ होने पर इन उपायों से उर्वरक के उठान में सुधार होगा ।

श्री सी० के० चन्द्रप्पन : सरकार ने विवरण में बताया है कि 2.02 लाख मीटरी टन नाइट्रोजन और 1.10 लाख मीटरी टन फास्फेट का भण्डार जमा हो गया है । यह भी बताया कि यह अधिक मूल्य के कारण है । अधिक मूल्यों के कारण उठान कम हो रहा है। आप को याद होगा कि गत वर्ष जब आर्थिक क्षेत्र में संकट व्याप्त था, उर्वरक की कमी की समस्या थी । लेकिन इस वर्ष कृषि उत्पादन बढ़ा है और खरीद कम है । सरकार ने पांच उपायों का सुझाव दिया है। इस बात की क्या गारंटी है कि इन उपायों से या सरकार द्वारा दी गई रियायतों से गरीब किसानों और छोटे कृषकों को वास्तव में लाभ होगा? यह सच है कि बिचौलिए ही इन गरीब किसानों को उर्वरक बेच रहे हैं । मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि क्या यह वितरण प्रणाली की सुव्यवस्थित करने के लिए कोई उपाय करेगी, जिससे सरकार द्वारा दी गई रियायतों का लाभ छोटे किसानों को मिले। क्या ऐसी योजना तैयार की जाएगी जिससे कि उर्वरकों की एक वर्ष कमी और दूसरे वर्ष उसके उठान का अभाव, यह स्थिति दूर हो ?

श्री सी० पी० मांझी : यह ऐसा सुझाव है जिस पर कार्यवाही की जानी चाहिए। वस्तूतः इस वर्ष उत्पादन बहुत बढ़ा है। अधिक मूल्य होने के कारण भण्डार जमा हो गया है। इस भण्डार को कम करने के लिए सरकार ने उपाय किए हैं। उठान इसलिए कम हुआ है क्योंकि कृषि या बुआई का मौसम अभी आरम्भ नहीं हुआ है। बुआई या कृषि का मौसम आरम्भ होते ही उठान बढ़ जाएगा। जहां तक बिचौलियों द्वारा मुनाफाखोरी का सम्बन्ध है, हमने वितरण स्तर पर मूल्य निर्धारित कर दिए हैं और सरकार द्वारा मूल्य सबसे निचले स्तर पर नियंत्रित किए जाते हैं और यह सुनिश्चित किया जाता है कि बिचौलिए किसानों का शोषण न करने पायें।

श्री सी० के० चन्द्रप्पन : मैं समझता हूं कि मंत्री महोदय ने मेरी बात पर ध्यान ही नहीं दिया है। सरकार कहती है कि अधिक मूल्यों के कारण उठान कम हुआ है । क्या यह सच नहीं है कि कृषि उत्पादनों के मूल्यों में भारी गिरावट होने के कारण किसान की

क्रय-शक्ति कम हो गई है। उसे अपने उत्पादनों का लाभप्रद मूल्य नहीं मिल रहा है। इसे ध्यान में रख कर क्या सरकार ऐसे कदम उठाएगी जिससे हम कृषि विकास के लिए आवश्यक उर्वरक खरीदने में सक्षम हो जाएं।

श्री पी० सी० सेठी : सभी प्रकार के उर्वरकों की खपत कम नहीं हुई है । 1974 75 में नाइट्रोजन की खपत 17.05 लाख मी० टन थी तथा 1975-76 में रियायत दिए जाने से पहल ही इसकी खपत बढ़ कर 21.48 लाख मी० टन हो गई । अतः यह कहना गलत है कि उर्वरक की खपत कम हुई है और उसका मूल्य अत्यधिक है । यह ठीक है कि कृषि उत्पादों के मूल्य स्थिर हुए हैं, परन्तु इसके लिए हम जिम्मेदार नहीं। देश की अर्थ व्यवस्था को बचाने के लिए और कृषि उत्पादों को सुलभ करने के लिए सरकार ने यह नीति अपनाई। यह कहना सही है कि उपादानों के मूल्य, उस मात्रा में कम नहीं हुए हैं जो कि किसान को अपने उत्पाद का मिल रहा है। और परिणामस्वरूप उर्वरकों के उपयोग में कुछ कमी हुई। फास्फेट की खपत 1974-75 की 4.70 लाख मी० टन से घट कर 1975-76 में 4.66 लाख मी० टन रह गई। इसी कारण हमने इसके मूल्य में 1250 रु० प्रति मी० टन की कमी की है। हमें आशा है कि अब फास्फेट की खपत बढ़ेगी। आयोजन, कृषि उत्पाद और उपादानों के सम्बन्ध में विभिन्न मंत्रालयों में पूरा सहयोग है ।

श्री एस० आर० दामाणि : उर्वरक के उत्पादन में वृद्धि एक सन्तोष की बात है। अब उसके आयात की आवश्यकता नहीं है। इस वर्ष उर्वरक का कितना उत्पादन हुआ तथा अगले तीन वर्षों में कितना होने की संम्भावना है ?

अध्यक्ष महोदय : आपका प्रश्न संगत नहीं है।

श्री प्रिय रंजन दास मुंशी : विभिन्न राज्यों को उर्वरक का आबंटन करने, उनकी आवश्यकता का अनुमान कर उनका कोटा निर्धारित करने के लिए क्या कृषि मंत्रालय, उर्वरक विभाग और राज्यों के प्रतिनिधियों वाली कोई समन्वय समिति बनाई गई है ? यदि हां तो क्या उस समिति में यह आशा व्यक्त की गई थी कि मूल्य बढ़ने से स्टाक इकट्ठा हो जाएगा ? यदि नहीं, तो क्या इस सम्बन्ध में फिर से विचार किया जाएगा ?

श्री पी० सी० सेठी : ऐसी कोई समिति नहीं है । कृषि मंत्री विभिन्न राज्य सरकारों के अनुरोध के आधार पर अपनी मांग रखते हैं। सिंचाई, बिजली की उपलब्धता और अन्य बहुत सी बातों को ध्यान में रखते हुए इन राज्य सरकारों की सिफारिशों के आधार पर खपत का अनुमान लगाया जाता है। फोस्फेटिक और पोटासिक उर्वरकों का मूल्य अधिक होने के कारण यूरिया, अमोनिया, नाइट्रोजन की खपत.....

अध्यक्ष महोदय : इसे पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है।

श्री पी० सेठी : उर्वरक के उपयोग में संतुलन लाने के लिए फास्फोरिक उर्वरक का मूल्य कम करने की आवश्यकता है। नाइट्रोजन के परिणाम अच्छे निकले हैं। परन्तु यदि नाइट्रोजन, फास्फोरिक और पोटासिक उर्वरक में सन्तुलन नहीं रखा गया तो भूमि की उर्वरता समाप्त हो जाएगी।

Ticketless Travellers

*659. SHRI K. M. MADHUKAR : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the Central Railway authorities have recently brought out a booklet containing an analysis of ticketless travellers;

(b) whether Railway Administration propose to prepare a scheme to check this practice on the basis of this analysis; and

(c) if so, the salient features thereof?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) जी नहीं

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

SHRI K. M. MADHUKAR : Hon. Minister has denied, but it has published in newspapers.

MR. SPEAKER : When Minister denies, hon. member should believe him.

SHRI K. M. MADHUKAR : Hon. Minister is trying to evade Ticketless travelling which is very much prevalent among youths and poor society. Whether any propaganda will be done among the youths so as to persuade them to leave the habit of ticketless travelling.

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI : There is no question of richness and poverty in the case of crime. The criminal will be punished. There is no need to propagate this because everybody knows that the culprit will surely get the punishment.

विद्युतीकरण के लिए सस्ती बिजली की सप्लाई के लिए कर्नाटक राज्य द्वारा प्रस्ताव

*660. **श्री के० मालन्ना** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कर्नाटक राज्य ने राज्य में रेलवे लाइनों के विद्युतीकरण के लिए सस्ती बिजली की सप्लाई हेतु रेलवे के साथ एक दीर्घावधि करार करने के लिए रेलवे को कोई प्रस्ताव भेजा था; और

(ख) यदि हाँ तो इस बारे में केन्द्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

श्री के० मालन्ना : खेद है राज्य सरकार ने कर्नाटक में रेलवे लाइनों के सुधार के लिए कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है। क्या केन्द्र सरकार ने कर्नाटक में रेलवे लाइनों में सुधार करने के लिए कोई पहल की है?

श्री बूटा सिंह : दक्षिण रेलवे मैसूर राज्य बिजली बोर्ड और मैसूर सरकार के प्रतिनिधियों की एक बैठक हुई थी, जिसमें लाइनों का विद्युतीकरण करने के लिए बिजली उपलब्ध कराने पर सामान्य चर्चा हुई।

श्री के० मालन्ना : क्या कर्नाटक सरकार ने बंगलौर से मैसूर, हसन से मंगलोर, गुन्टकल से बंगलौर और हुबली से हास्पेट की मीटर लाइनों को बड़ी लाइन में बदलने के लिए कोई पहल की है ?

श्री बूटा सिंह : दक्षिण रेलवे में मद्रास अराकोणम-इराडे-जोलारपेट—बंगलौर लाइन का विद्युतीकरण करने का प्रस्ताव था। जोलारपेट से बंगलौर तक का एक बड़ा भाग कर्नाटक में

पड़ता है। इस नाग के बारे में दक्षिण रेलवे परियोजना प्रतिवेदन और प्राक्कलन तैयार कर रहा है। प्रस्ताव के अन्तिम रूप दिए जाने पर हम राज्य सरकार से इस सम्बन्ध में बात करेंगे।

श्रीमती पार्वती कृष्णन : मद्रास-बंगलौर सेक्शन की आधारशिला 4 वर्ष पहले रखी गई थी। इसके शुरू होने में इतनी देरी क्यों की जा रही है? जबकि केरल और कर्नाटक में बिजली उपलब्ध है फिर इस सेक्शन के विद्युतीकरण में विलम्ब क्यों हो रहा है ?

श्री बूटा सिंह : यदि यह मात्र बिजली की उपलब्धता की बात होती तो बात कुछ और ही होती। परन्तु इस पर आने वाला व्यय इतना अधिक है कि रेलवे इसे शुरू करने में असमर्थ है। पैसे की कमी के कारण यह बताना सम्भव नहीं कि जालारपेट-बंगलौर सेक्शन का कार्य कब शुरू होगा।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

नए औषध संयंत्रों की स्थापना

*651. **श्री एस० ए० मुरुगनन्तम** : क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नये औषध संयंत्रों की स्थापना के लिए राज्य सरकारों से सहयोग करने का कोई प्रस्ताव आई० डी० पी० एल० के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या हैं;

(ग) वर्ष 1976-77 में आई० डी० पी० एल० का किन नई, परियोजनाओं को आरम्भ करने का विचार है; और

(घ) इसी वर्ष में किन संयंत्रों का विस्तार कार्य आरम्भ करने का विचार है?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क), (ख) : जी, हां।

तमिल नाडु, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उड़ीसा, गोआ, दमन और दीव, असम, मेघालय और राजस्थान राज्य सरकारों ने संयुक्त सहयोग से अपने-अपने राज्यों में औषध संयंत्र स्थापित करने के लिए आई० डी० पी० एल०/ सरकार को सिफारिश की है।

(ग) दो नये एककों की स्थापना किए जाने का भी प्रस्ताव है, एक बिहार में निको-टिनामाइड़ का उत्पादन करने के लिए और दूसरा हरियाणा में विभिन्न प्रकार के सूत्रयोगों का उत्पादन करने के लिए।

(घ) एन्टीबायोटिक्स प्लांट ऋषिकेश, जो सरकार के विचाराधीन है, का विस्तार सरकार की अनुमति मिलने पर चालू वर्ष के रान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त आई० डी० पी० एल० [पहले है। सिन्थैटिक ड्रग प्लांट, हैदराबाद का विस्तार कर रही है जिसमें 21.71 करोड़ रुपये का व्यय निहित है।

कीटनाशी और कृमिनाशी औषधियों के लिये रसायनों का आयात

*653. **श्री अरविन्द एम० पटेल**
श्री एन० आर० वेकारियां } : क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कीटनाशी और कृमिनाशी औषधियों के लिए मुख्यता किन रसायनों का आयात किया जाता है;

(ख) उन का आयात किन देशों से किया जा रहा है; और

(ग) विभिन्न राज्यों को उनके वितरण की प्रक्रिया क्या है?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) और (ख) : कीटनाशक सम्बन्धी रसायन (टैक्नीकल ग्रेड पेस्टिसाइड्स) जिनका इस समय आयात किया जाता है और जिन देशों से आयात किया जाता है, निम्न प्रकार है :—

मद का नाम	देश जिससे आयात किया जाता है
1. कारबारिल	अमेरिका
2. एन्डोसलफन	पश्चिम जर्मनी
3. इन्ड्रिन	अमेरिका
4. टोक्साफेन	अमेरिका
5. डी० डी० टी०	रूस, पोलैण्ड और अमेरिका
6. कारबाफुरन	अमेरिका
7. डालपोन	अमेरिका
8. पारा क्वाट	नू० के०
9. फोरेट	अमेरिका
10. फोमोथिन	स्विटजरलैण्ड
11. मोनोक्रोटोफेस	स्विटजरलैण्ड
12. हिनोसान	पश्चिम जर्मनी

(ग) विभिन्न सूत्रयोग निर्माताओं को आयातित पेस्टिसाइडसों के आबंटन के सम्बन्ध है स्थिति नीचे दी गई है :—

(i) **डी० डी० टी०** : भारतीय राज्य व्यापार निगम की मार्फत आयात किया जाता है और उसकी आयातित मात्रा सूत्र योग के लिए हिन्दुस्तान इन्सैक्टिसैडस लि० को दी जाती है और वितरण के लिए एन० एम० ई० पी० को।

(ii) **कारबारिल एन्डोसल्फन और टोकसाफेने** : ये स्वामित्व सम्बन्धि मदें हैं, आयातित मात्रा में से 50 प्रतिशत कंपनी द्वारा रखे जाने की अनुमति दी जाती है जिन कंपनियों को लाइसेंस दिया जाता है। अथवा जो स्वामित्व वाली विदेशी फर्मों की सहायक कंपनियां हैं और राज्य सरकारों द्वारा नामित सूत्रयोग निर्माताओं को शेष दिया जाता है।

(iii) **एन्ड्रिन** : राज्य व्यापार निगम की मार्फत आयात किया जाता है और उनके द्वारा नामित राज्य सरकारों अथवा एजेन्सियों में से किसी एक को आबंटन किया जाता है।

(iv) **अन्य मदें** :

अन्य पेस्टिसाइडल रसायनों का आयात किया जाता है, सूत्रयोग तैयार किए जाते हैं और वास्तविक उपभोक्ताओं को चालू आयात व्यापार नीति के अनुसार वितरण किया जाता

हुगली-भागीरथी पर पुल का निर्माण

*655. श्री टुना उरांव : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हुगली-भागीरथी नदी के दायें तट पर एक पुल बनाने के लिए कोई सर्वेक्षण किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस सर्वेक्षण की मुख्य बातें क्या हैं और अब तक कुल कितनी राशि खर्च की गई है?

रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) जी हां।

(ख) सर्वेक्षण रिपोर्ट में कल्याणी के पास एक नये पुल का निर्माण के लिए एक जगह की सिफारिश की गई है। इस निर्माण कार्य के लिए अब तक कोई खर्च नहीं किया गया है।

दानापुर डिवीजन (पूर्वी रेलवे) के गैर तकनीकी कर्मचारियों का सेवा काल बढ़ाया जाना

*657. श्री रामावतार शास्त्री : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्वी रेलवे के दानापुर डिवीजन के अनेक गैर-तकनीकी कर्मचारियों की सेवा काल 58 वर्ष की आयु के बाद बढ़ाया गया है; और

(ख) यदि हां, तो ऐसे कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है जिन पर इस प्रकार सेवाकाल बढ़ाए जाने का विपरीत प्रभाव पड़ा है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) जी हां।

(ख) चूंकि रेलवे एक बृहद् संगठन है और सेवाकाल में वृद्धि केवल विशेष रूप से योग्य पात्रों को दी जाती है, अतएव कर्मचारियों की पदोन्नति की सभावनाओं पर सेवा काल में वृद्धि का प्रभाव नगण्य है।

माल भेजने वालों और माल पाने वालों को दिया गया मुआवजा

*661. श्री आर० पी० दास : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या माल भेजने वालों/माल पाने वालों को मुआवजा दे के लिए प्रतिवर्ष लगभग 160 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाती है जो चालू वर्ष में रेलवे के सामान्य विकास के लिए निर्धारित धनराशि के लगभग बराबर है; और

(ख) वर्ष 1974-75 और 1975-76 के दौरान इस प्रयोजन के लिए कितनी धनराशि खर्च की गई?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) और (ख) : बुक किये गये परेषणों की हानि और क्षति के लिए दिये गए मुआवजे की कुल राशि वर्ष 1974-75 में 14.65 करोड़ रुपये और वर्ष 1975-76 में लगभग 15.25 करोड़ रुपये थी। इन वर्षों में रेलों द्वारा अपनी वार्षिक योजनाओं पर सामान्य विकास कार्यों के लिए क्रमशः 346.68 करोड़ और 378.14 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे।

संविधान का प्रादेशिक भाषाओं में प्रामाणिक पाठ

*662. **चौधरी राम प्रकाश**
श्री शंकर दयाल सिंह } : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अब तक भारत के संविधान का प्रामाणिक पाठ किन प्रादेशिक भाषाओं में प्रकाशित किया जा चुका है ; और

(ख) क्या वर्ष 1975 तक किए गए संशोधन उनमें समाविष्ट कर लिए गये हैं ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य संत्रालय में राज्य मंत्री (डा० वी० ए० सेयद मुहम्मद) :(क) और (ख) भारत के संविधान का अधिप्रमाणित पाठ किसी भी प्रादेशिक भाषा में प्रकाशित नहीं किया गया है । इसके पूर्व कि संविधान के हिन्दी और प्रादेशिक भाषाओं में प्राधिकृत अनुवाद प्रकाशित किए जा सकें, ऐसे प्राधिकृत अनुवादों का उपबन्ध करने के लिए संसदीय विधान अधिनियमित करना होगा ।

इस समय संविधान का प्रादेशिक भाषाओं में अनुवाद तैयार/प्रकाशित किया जा रहा है । संविधान का मलयालम अनुवाद अक्तबर, 1974 में प्रंकाशित किया गया था और इसमें संविधान के तीसवें संशोधन सहित वे सभी सशोधन सम्मिलित हैं जो फरवरी, 1973 तक संविधान में किए गए थे । संविधान का कन्नड़ अनुवाद अप्रैल, 1976 में प्रकाशित किया गया है और इसमें संविधान के उन्तालीसवें संशोधन सहित वे सभी संशोधन सम्मिलित हैं जो अगस्त, 1975 तक संविधान में किए गए थे ।

भारतीय औषध एककों को दी गई स्वीकृति

*665. **श्री सोमचन्द सोलंकी** : क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि हाथी समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने के बाद उसकी सिफारिशों के अनुसार कितने भारतीय औषध निर्माण एककों को ड्रग फार्म्यलेशनों के लिए स्वीकृति दी गई है और उनके नाम, वस्तुओं तथा क्षमताओं का ब्यौरा क्या है ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : औषध और भेषज उद्योग समिति की रिपोर्ट सरकार को 6-4-1975 को मिली थी । जबकि रिपोर्ट पर सम्पूर्ण रूप में अभी अन्तिम निर्णय लिया गया है, तथापि सरकार ने स्वीकार कर लिया है कि उद्योग के भारतीय क्षेत्र को प्राथमिकता दी जाने की कार्रवाई की जानी चाहिए और उनको सूत्रयोग निर्माण करने के लिए लाइसेंस दिए जाने चाहिए बशर्ते कि उनका सूत्रयोग के प्रपुंज औषध का अनुपात 1.10 के अनुपात के अन्दर आता है । इसके अलावा इस प्रकार की भारतीय कंपनियों को देशीय और आयातित प्रपुंज औषध के अपने निर्माण करने के कार्यकलाप 2 : 1 के अनुपात में रखने होंगे । इस उत्तरवर्ती स्थिति से सरकार विदेशी कंपनियों को कोई विशिष्ट लाभ दिए बिना केवल भारतीय पार्टियों के बीच भेद करने में समर्थ होगी ।

औषध सूत्रयोगों का निर्माण करने के लिए 1-4-1975 से 30-4-76 तक भारतीय औषध निर्माण कंपनियों जिनसे आये थे उनकी संख्या 36 है। प्रस्ताव सरकार ने 16 मामलों में आशय पत्र और औद्योगिक लाइसेंस की अनुमति पहले से ही दे दी है।

औषध सूत्रयोग के लिए दी गई स्वीकृति का विस्तृत ब्यौरा और नाम संलग्न विवरण पत्र में दी है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी०-10772/76]।

उत्तर रेलवे में इलैक्ट्रानिक प्रणाली

*666. श्रीमती पार्वती कृष्णन
श्री पुरुषोत्तम काकोडकर } : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर रेलवे इलैक्ट्रानिक प्रणाली आरम्भ करके अपनी सेवाओं में क्रांतिकारी रिवर्तन लाने की योजना बना रही है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी मुख्य बातें क्या हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) और (ख) गाड़ियों के परिचालन में सुरक्षा और दक्षता में वृद्धि के लिए स्वचलित चेतावनी प्रणाली, धुरा गणकों और माइक्रोवेव/अति उच्च वोल्टता वाले संचार जैसे इलेक्ट्रानिक्स यन्त्रों की उत्तरोत्तर व्यवस्था की जा रही है।

औषध कम्पनियों की स्थापना

*667. **श्री नरेन्द्र कुमार सांधी** : क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में औषध कारखाने स्थापित करने के लिए बहुराष्ट्रीय और विदेशी औषध कम्पनियों से कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं ;

(ख) क्या सरकार ने उनमें से किसी को स्वीकार किया है और यदि हां, तो उन्हें कौन कौन सी औषधियां बनाने की अनुमति दी जायेगी; और

(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है कि ये कम्पनियां औषधियों के उत्पादन के लिए अपने आयातों को, औषधियों के निर्यात की तुलना में कम रखें जिससे देश में उनका कार्यकरण राष्ट्र के लिए आर्थिक रूप से लाभप्रद हो ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) और (ख) 1-1-75 से आज तक की अवधि के दौरान 100% निर्यात के लिए सेन्ना एक्ट्रेक्ट तथा भारतीय मूल्य के अन्य औषध निस्सार (एक्ट्रेक्ट) के उत्पादन हेतु बहुराष्ट्रीय/विदेशी यूनिट अर्थात् मैसर्स नाटरमन (इंण्डिया) प्रा० लि० बम्बई कर्नाटक राज्य में उपरोक्त नाम से एक नई उपक्रम की स्थापना के लिए केवल एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। प्रस्ताव अस्वीकृत कर दिया गया है तथा रद्द करने के विरुद्ध पार्टी से प्राप्त अभ्यावेदन की जांच की जा रही है ;

(ग) 40% से अधिक विदेशी साम्यपूंजी वाले बहुराष्ट्रीय तथा विदेशी कम्पनियों के कार्य चालन की व्यवस्था विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम 1973 की धारा 29 के अन्तर्गत दी गई है। विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम के अनुसार ऐसे कम्पनियों के मामलों पर कार्यवाही करने के लिए उपयुक्त मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार किए जा रहे हैं।

कोरबा उर्वरक परियोजना

3204. **श्री रण बहादुर सिंह** : क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोरबा उर्वरक परियोजना की कुल लागत क्या है और इसे कब तक पूरा किया जाना था ;

(ख) इस परियोजना पर अब तक कितना धन व्यय हुआ है और वर्ष 1976-77 में कितना धन व्यय किया जाना है ;

(ग) परियोजना के कब तक पूरा होने की सम्भावना है; और

(घ) यदि परियोजना में विलम्ब हुआ है तो उसके क्या कारण हैं ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) प्रायोजना की मूल अनुमानित लागत 118.25 करोड़ रुपये थी; तथापि इसकी संशोधित लागत का अभी अनुमान नहीं लगाया है। प्रायोजना का वाणिज्यिक उत्पादन मूल रुप में दिसम्बर, 1977 तक आरम्भ करना निश्चित किया गया था।

(ख) 1975-76 के अन्त तक अनुमानित व्यय 12 करोड़ रुपये था। 1976-77 के दौरान 5 करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान लगाया गया है ।

(ग) और (घ) प्रायोजना के कार्यान्वयन में संसाधनों की कठिनाई से विलम्ब करना पड़ा, और प्रायोजना के पूर्ण होने का कार्यक्रम अभी निश्चित नहीं किया गया है ।

Visit by Soviet Law Minister

3205. DR. LAXMINARAYAN PANDEYA: Will the MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether the Law Minister of Soviet Union visited India recently; and

(b) if so, the outcome of his visit?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (DR. V. A. SEYID MUHAMMAD) : (a) A Delegation consisting of His Excellency Mr. V.I. Terebilo, Minister of Justice of the Union of Soviet Socialist Republics, Madam G. Paramonova, Chairman of the People's Court of the Zhdanov Region of Moscow and Mr. Evgeny Kulichev, Consultant, International Juridical Collogium, visited India from the 25th March, 1976 to 3rd April, 1976.

(b) The Delegation came to India in pursuance of the Indo-Soviet Cultural Exchange Programme, 1974-76 for exchange of experience of the working of Legal Organisations. The Delegation had discussions and exchange of views with the Ministers, Judges, Jurists, Lawyers and Law bodies in India.

तिनसुकिया को पूर्ण डिवीजन के रूप में बदलना

3206. **श्री नुरुल हुडा** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या रेल अधिकारियों ने वर्षों पहले तिनसुकिया को ट्रेफिक डिवीजन से पूर्ण डिवीजन के रूप में बदलने का आश्वासन दिया था; और

(ख) उस दिशा में क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) जी हां; 1-5-1969 को पूर्वोत्तर सीमा रेलवे का मंडलीकरण करते समय अपेक्षाकृत कम कार्यभार के कारण तिनसुकिया में एक परिवहन मंडल की

स्थापना का विनिश्चय किया गया था। तथापि यह विचार किया गया था कि इसका दर्जा बढ़ाकर इसे पूर्ण मंडल का रूप तब दे दिया जायेगा जब यहां का कार्यभार बढ़ जायगा और इसे मंडल का रूप देने का औचित्य होगा।

(ख) इस मंडल पर कार्यभार अभी कम है और इसलिए इसका दर्जा बढ़ाकर एक पूर्ण मंडल का रूप देने की फिलहाल आवश्यकता नहीं है।

कोचीन तेल शोधक कारखाने का निष्पादन

3207. **श्री सी० सी० जनार्दनन** : क्या **पेट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोचीन तेल शोधक कारखाने का वर्तमान निष्पादन कितना है ;

(ख) क्या उक्त कारखाने का और विस्तार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबन्धी मुख्य बातें क्या हैं ?

पेट्रोलियम मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जियाउर्रहमान अन्सारी) : (क) गत तीन वर्षों का कोचीन रिफाइनरीज़ लि० के कच्चे तेल का उत्पादन निम्न प्रकार है :—

1973-74	1.97 मिलियन मीटरी टन
1974	2.35 मिलियन मीटरी टन
1975	2.44 मिलियन मीटरी टन

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

बाटा कम्पनी के मामलों की जांच

3208. **श्री बयालार रवि** : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एकाधिकार तथा प्रतिबन्धात्मक व्यापार प्रक्रियाएं आयोग ने बाटा कम्पनी के मामलों की जांच की है ; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले हैं ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री बेदब्रत) बरुआ : (क) हां, श्रीमान जी। एकाधिकार एवं निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा अधिनियम, 1969 की धारा 37 के साथ पठित धारा 10 (क) (iii) के अन्तर्गत उसको दिये गये आवेदन पत्र पर, एकाधिकार एवं निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा आयोग ने मैसर्स बाटा इन्डिया लिमिटेड द्वारा ग्रस्त कथित कतिपय निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथाओं में जांच गठित की थी।

(ख) जांच के परिणाम स्वरूप, आयोग ने पाया कि कम्पनी पूर्ण रूपेण प्रतिबल, पुनर्बिक्री मूल्य के रख रखाव और कम्पनी के जूतों के विनिर्माणकर्ताओं के साथ कम्पनी का व्यवहार, जो कम्पनी द्वारा अपने व्यापारिक चिन्ह के नाम के अन्तर्गत पुनर्बिक्री मूल्य के लिए जूतों का उत्पादन

करते हैं, से सम्बन्धित निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथाओं में ग्रस्त है। आयोग ने अपने आदेश दिनांक 5 मई, 1975 में, कम्पनी द्वारा अपने एक मात्र बिक्रेता आदि के साथ तो अनुबन्ध किया है, उसको स्पष्ट करने के साथ साथ यह कि एकमात्र आदेश देने के लिए स्वतंत्र है कि जूतों की जिस प्रकार कि किस्म जिसे वह उचित समझता है और बाटा द्वारा दिये गये जूतों के उत्पादन के किसी विशेष गठन के लिए उसे बाध्य नहीं किया जाएगा, से सम्बन्धित खण्ड के आशोधन का निर्देश दिया। कम्पनी द्वारा प्रेषित मूल्य सूची से भी भविष्य में संकेत मिलेगा कि बिक्रेता मूल्य सूची में दिखलाए गए अत्याधिक मूल्य की अपेक्षा कम मूल्य लेने में स्वतंत्र है। टीक जूतों पर भी ये शब्द "मूल्य ——-—— रु० से अधिक नहीं" समुद्भृत होगा।

जूता विनिर्माणकर्ताओं के साथ कम्पनी के अनुबन्ध/व्यवस्था के सम्बन्ध में आयोग ने निर्देश दिया कि 18 खण्डों में से 10 में दी गई व्यापार प्रथाएं इसी समय समाप्त हो जाएंगी जबकि शेष 8 खण्डों के सम्बन्ध में उनको आयोग द्वारा अपने आदेश में उल्लिखित दिशाओं पर परिशोधित कर दिया गया था।

रेल विभाग द्वारा संचालित शैक्षिक संस्थानों में प्रिंसिपल तथा अध्यापक

3209. **श्री छत्रपति अम्बेश** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के उन स्थानों के जौनवार, नाम क्या हैं जहाँ रेल विभाग द्वारा हाई स्कूल, प्राइमरी स्कूल, इंटर कालेज और डिग्री कालेज चलाये जा रहे हैं ;

(ख) उक्त संस्थाओं में श्रेणीवार, कितने कितने हैडमास्टर, प्रिंसिपल, प्राइमरी के अध्यापक टी० जी० टी० और पी० जी० टी० अध्यापक, ड्राइंग और अन्य श्रेणियों के अध्यापक कार्य कर रहे हैं ;

(ग) उक्त श्रेणियों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के व्यक्तियों की श्रेणीवार संख्या कितनी है; और

(घ) क्या अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों का कोटा पूरा नहीं है; यदि हां, तो इस सम्बन्ध में रेल विभाग ने क्या कार्यवाही की है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) रेलों द्वारा कोई डिग्री कालेज नहीं चलाया जा रहा है। लेकिन, रेलें तीन जूनियर/इंटर कालेज—टूंडला, मुगलसराय और सिकन्दराबाद में एक एक--चला रही हैं। उन स्थानों के क्षेत्रवार नाम जहां रेलों द्वारा हाई/हायर सेकेण्डरी तथा प्राइमरी स्कूल चलाये जा रहे हैं, संलग्न विवरण I और II में बताये गये हैं। [ग्रन्थालय में रखे गये। देखिए संख्या एल० टी०-10773/76]

(ख) से (घ) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायगी।

सरकारी तथा गैर सरकारी क्षेत्रों द्वारा उर्वरकों का उत्पादन तथा उपयोग

3210. **श्री समर गुह** : : क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकारी क्षेत्र तथा गैर सरकारी क्षेत्र के भिन्न भिन्न निर्माता एककों द्वारा वर्ष 1973-75 के दौरान उर्वरकों के उत्पादन के लिये क्या क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये थे और वास्तव में कितना उत्पादन हुआ; और

(ख) उपरोक्त एककों द्वारा वर्ष 1975-77 के लिये उत्पादन के क्या क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) एक विवरण पत्र सभा पटल पर प्रस्तुत है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी०-10774/76] ।

(ख) उस प्रश्न के भाग (क) के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण पत्र में 1975-76 के लक्ष्य और उस वर्ष के दौरान हुआ वास्तविक उत्पादन दिया है। 1976-77 के सम्बन्ध में संयंत्रवार उत्पादन लक्ष्यों को अभी अन्तिम रूप दिया जाना है। तथापि वर्ष के कुल उत्पादन का अनुमान 18.5 लाख मी० टन नाइट्रोजन और 4.5 लाख मी० टन $पी०_2 ओ०_5$ पर लगाया गया है ।

Conversion of Metre Gauge Lines into Broad Gauge Lines in Western Railway

3211. SHRI HUKAM CHAND KACHWAI: Will the MINISTER OF RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government have formulated any scheme for the conversion of all the metre gauge lines into broad gauge lines in Western Railway and if so, the length of the metre gaugelines at present and the time to be taken in their conversion; and

(b) whether there is any scheme for accelerating the pace of this work keeping in view the considerable increase in traffic and if so, the time by which this work would be completed?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI BUTA SINGH): (a) & (b) The total length of metre gauge lines on the Western Railway is about 6112 Kms. No plan has been formulated to convert all these metre gauge lines into broad gauge on account of the huge capital investment which would be involved. Gauge conversion of the lines which have become saturated is however being done progressively. At present conversion of Viramgam-Okha/Porbander MG section to BG, covering a length of 552 Kms., is in progress on the Western Railway. The target date for the completion of the entire project is uncertain and would depend upon the availability of funds from year to year.

Survey for the conversion of Gandhidham-Bhuj and Delhi-Ahmedabad MG sections into BG have been carried out and the schemes are under consideration. A decision on these gauge conversion schemes would depend upon the availability of adequate funds.

गूटी-बंगलौर तथा गूटी-कल्लूर लाइनों को ब्राड गेज लाइन में बदलना

3212. **श्री पी० एन्थोनी रेड्डी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गूटी से बंगलौर तक की मीटर गेज लाइनों को ब्राड गेज लाइन में बदलने का काम कब तक पूरा होगा;

(ख) क्या उस लाइन पर बम्बई से बंगै बंगलौर तक कोई एक्सप्रेस गाड़ी चलाई जायेगी; और

(ग) क्या गूटी से कल्लूर तक ब्राड गेज लाइन बिछाने का काम आरंभ हो गया है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) समय पर पर्याप्त धन उपलब्ध हो जाने पर आशा है कि यह परियोजना 1980 तक पूरी हो जायेगी ।

(ख) गुन्तकल्लू–बेंगलूरु मीटर लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का काम पूरा कर लिये जाने पर ही बम्बई–बंगलूरु के बीच कोई एक्सप्रेस गाड़ी चलाने पर विचार किया जा सकता है ।

(ग) आशा है कि यह काम शीघ्र शुरू किया जायेगा ।

पैराद्वीप में उर्वरक संयंत्र

3213. **श्री श्याम सुन्दर महापात्र** : क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) छठी पंचवर्षीय योजना-काल में पैराद्वीप उर्वरक संयंत्र के बारे में क्या सम्भावनायें हैं; और

(ख) क्या इसे सिद्धांत रूप से स्वीकृत कर लिये जाने के अतिरिक्त इस दिशा में कोई प्रगति हुई है ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) और (ख) संसाधनों की कठिनाइयां अभी भी जारी हैं जिसके कारण इस प्रायोजना के कार्यान्वयन को रोकना पड़ा था। बंगाल क्षेत्र की खाड़ी में संभाव्य गैस की उपलब्धता के कारण इस बीच में मूल रूप में निर्धारित ईंधन तेल के स्थान पर इस प्रायोजना के लिये संभरण-सामग्री को अपनाने के लिये पुनरीक्षण की आवश्यकता पड़ी है। संसाधनों की स्थिति और गैस की उपलब्धता और उर्वरक संभरण सामग्री के रूप में उसके आर्थिक उपयोग की संभावनाओं के बारे में स्पष्ट स्थिति की एक दो वर्षों में उपलब्ध होने की संभावना है। उसके बाद इसके और छठी योजना की अवधि की दौरान उर्वरक क्षमता के विकास के लिये कार्यक्रम के अंश के रूप लिये जाने वाली अन्य प्रायोजनाओं के बारे में और कार्यवायी आरम्भ की जाये।

दक्षिण रेलवे के कुछ कार्यालयों में अराजपत्रित कर्मचारियों को प्रवेश की अनुमति न देना

3214. **श्री जी० भुवाराहन** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दक्षिण रेलवे में कन्ट्रोलर आफ स्टोर्स और डिप्टी चीफ अकाऊंटस आफिसर के कार्यालय, वर्कशाप और स्टोर्स, पैराम्बूर 3 और 4 मई, 1974 को बन्द रहे और क्या उन दिनों में इन कार्यालयों में उच्च अधिकारियों सहित किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई;

(ख) क्या केवल राजपत्रित अधिकारियों को ही महाप्रबन्धक के कार्यालय में अपनी उपस्थिति लगाने की अनुमति दी गई थी और उनको उन दिनों का वेतन दिया गया था ;

(ग) क्या यह सुविधा अन्य अराजपत्रित कर्मचारियों को नहीं दी गई और उन सभी को अनुपस्थित समझा गया और इन कर्मचारियों को उन दिनों का वेतन भी नहीं दिया गया; और

(घ) क्या सरकार का विचार उनकी इस अनुपस्थिति को ड्यूटी समझने तथा काटा गया वेतन उन्हें देने का है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) जी हां, जोरदार धरने के कारण इन दो कार्यालयों में कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सका था।

(ख) राजपत्रित अधिकारी अन्य स्थानों पर ड्यूटी पर उपस्थित हुए और वहीं पर दिया गया अपना काम निपटाये।

(ग) और (घ) दक्षिण रेलवे के अन्य कर्मचारियों की तरह जो 3 और 4 मई 1974 को न तो कार्यालय में उपस्थित हुए और न ही ड्यूटी पर आने की रिपोर्ट दी, इन दोनों कार्यालयों के कर्मचारियों को इन दो दिनों में हड़ताल में शामिल माना गया। तथापि, इस अवधि को देय छुट्टी मानने की प्रार्थना पर विचार किया जा रहा है।

इलैक्ट्रो-थर्मल फासफोरिक यूनिट की स्थापना

3216. **श्री भान सिंह भौरा :** क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में संयुक्त राज्य अमरीका के तकनीकी-आर्थिक सहयोग से एक इलैक्ट्रोथर्मल फासफोरिक यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या है ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर प्रस्तुत की जायेगी।

रेल-मार्ग के विद्युतीकरण में प्रगति

3217. **श्री एम० रामगोपाल रेड्डी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेल-मार्ग के विद्युतीकरण में प्रत्याशित सीमा तक प्रगति नहीं हुई है; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) और (ख) जी हां। वित्तीय तंगी के कारण बिजलीकरण परियोजनाओं के लिए धन सीमित मात्रा में उपलब्ध हो रहा है, जिससे रेल पथ के बिजलीकरण की प्रगति प्रभावित हो रही है।

Appointment of Dealers for Distribution of Fertilizers

3218. SHRI M.C. DAGA : Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether the Fertilizer Corporation of India appoint small dealers for distribution of fertilizers, if so, the criteria and the terms and conditions of such appointments;

(b) the State-wise number of dealers appointed in 1973-74;

(c) the names of those dealers among them against whom any action was taken on corruption charges; and

(d) the results thereof?

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI P. C. SETHI): (a) Small dealers are apointed by Fertilizer Corporation of India both directly and under the Enterpreneurship Development Scheme. A statement showing the criteria, terms and conditions of such appointments is attached.

(b) to (d) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

STATEMENT

Criteria/Procedure for appointment of Small Dealers

Advertisements are issued in local newspapers by the FCI for appointing private dealers according to the assessed need in different areas. Applications received in response thereto are processed in the respective regional offices with regard to the financial viability of the applicant, his business experience for a minimum period of three years,

preferably in agricultural inputs and his past conduct, indicating particularly whether he had violated the provision of the Fertilizer Control Order and Essential Commodities Act. Those found *prima facie* suitable, are interviewed by a Selection Committee set up by FCI. Antecedents in respect of candidates who are found suitable by the Selection Committee are then verified by FCI's representatives and if found satisfactory, they are offered dealership by the Corporation.

In the case of dealers to be appointed under the Entrepreneur Development Scheme, FCI issues advertisements in leading national and local newspapers. To be considered for dealership under this category, a candidate should fulfil the following conditions:—

The applicant should be a graduate preferably in agricultural sciences with rural background.

He should be below 30 years of age.

He must be unemployed.

He should belong to the area for which the dealership is applied for.

The Selection procedure with regard to the applicants is the same as in the case of private dealers.

The appointment of dealers from among disabled soldiers, is done on specific recommendations made by the Director General of Resettlement, Armed Forces, New Delhi.

Any cooperative or such institute can also become FCI's dealer by placing the orders for the supply of fertilizers backed by financial arrangements.

आई० डी० पी० एल० द्वारा वितरित औषधियों के मूल्य निर्धारित करना

3219. **श्री खेम चन्द भाई छाबड़ा :** क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आई० डी० पी० एल० द्वारा वितरित की जाने वाली औषधियों के "पूल" किये गये मूल्य अब और किस प्रकार निर्धारित किये गये थे;

(ख) गत तीन वर्षों में आयातित 'बल्क' औषधियों के विवरण कार्य पर आई० डी० पी० एल० ने कितना लाभ अर्जित किया और क्या सरकार का विचार आई० डी० पी० एल० की 'बल्क' औषधियों के सभी मूल्यों की लागत परीक्षा करने का है ;

(ग) क्या आई० डी० पी० एल० द्वारा वितरित की जाने वाली औषधियों के "पूल" किये गये निर्धारित मूल्य देशी मूल्यों से अधिक हैं ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) से (घ) आई० डी० पी० एल० द्वारा वितरित आयातित औषधों के पूल्ड मूल्य आई० डी० पी० एल० के देशी उत्पादन और उन प्रपुंज औषधों को ध्यान में रख कर निर्धारित औसत मूल्यों के आधार पर 1970 में पहली बार निर्धारित किये गये थे। देशी मूल्यों का वृद्धि की ओर संशोधन से पूल्ड मूल्यों का सितम्बर, 1974 में पुन: निर्धारण किया गया था। औषधों के देशी मूल्य और पूल्ड मूल्य को जो 1970 और बाद में पूलिंग व्यवस्थाओं के अन्तर्गत थे को दिखाने वाला एक विवरण संलग्न है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी०-10775/76] केवल दो औषध अर्थात् फेनोबारबीटोन और सल्फाग वानीडाइन के बारे में इन दो औषधों के आयातों की अधिक उतराई की लागत और आयात की हुई मात्रा को ध्यान में रख कर पूल्ड मूल्य देशी मूल्य से अधिक थे।

(ख) आई० डी० पी० एल० द्वारा वितरित किये जाने वाले आयातित प्रपुंज औषध/मध्यवर्ती औषध के लिये आई० डी० पी० एल० अलग से व्यापार लेखा नहीं रखते हैं। इसके अलावा, उनके द्वारा देशी और आयातित या सामग्री की बिक्री के लिये स्वीकार्य पूल्ड मूल्यों की पद्धति के सन्दर्भ में लाभप्रदता को भी ध्यान में रखा जाता है ताकि उत्तरावर्ती की हानि की पूर्ववर्ती के लाभ द्वारा क्षतिपूर्ति की जाये । प्रपुंज औषधों का वितरण आई० डी० पी० एल० के विपणन प्रभाग द्वारा किया जाता है जो इस उद्देश्य के लिये एक अलग व्यापार एकक के रूप में माना गया है। प्रारम्भिक वर्षों के दौरान इन औषधों के व्यापार में विपणन प्रभाग की प्रदत्ता में हानि हुई थी। तथापि गत तीन वर्षों के दौरान विपणन प्रभाग ने विभिन्न लाभ उठाये हैं :—

1973-74	93 लाख रुपये
1974-75	265 लाख रुपये
1975-76	55 लाख रुपये (अस्थापित्र)

औषध निर्माताओं की ऐसोसियेशन से प्राप्त ज्ञापन

3220. **श्री नानू भाई एन० पटेल :** क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाथी समिति की सिफारिशों को क्रियान्वित करने के बारे में विभिन्न औषध निर्माता एसोसियेशनों की ओर से सरकार को कोई ज्ञापन प्राप्त हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी मुख्य बातें क्या हैं तथा राष्ट्रीय क्षेत्र के ज्ञापन में दिये गये सुझावों पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) और (ख) जी हां। हाथी समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर अनेक औषध उत्पादक क्षेत्रों ने सरकार के विचारार्थ ज्ञापन भेजे हैं । औषध उद्योग के एक क्षेत्र का विचार है कि उद्योग का तेजी से विकास करने के लिये मूल्य निर्धारण की नीति सक्रिय होनी चाहिये, लाइसेंसिंग एवं अन्य बाधाओं को दूर किया जाये जिससे वर्तमान एककों की क्षमता का पूर्ण उपयोग हो, देश में उपलब्ध प्रौद्योगिकी प्रवीणता तथा अन्य योग्य ताओं का पूर्ण उपयोग हो, औषधों के लिये ब्राण्ड नामों को समाप्त करने से मिलावटी तथा निम्न श्रेणी की औषधों की समस्या बढ़ जायेगी तथा समस्त क्षेत्रों को अपने तरीकों से अर्थव्यवस्था के विकास एवं राष्ट्रीय विकास में योगदान देना चाहिये तथा क्षेत्रों के बीच में किसी प्रकार का विवाद नहीं होना चाहिये । भारतीय क्षेत्र का विचार है कि इन सिफारिशों को स्वीकार करते समय सरकारी क्षेत्र को औषध उद्योग के विकास करने में प्रमुख भूमिका दी जानी चाहिये, तथा भारतीय क्षेत्र को प्रोत्साहन दिये जाने के बारे में तथा उसके परिणामस्वरूप स्वीकृत क्षमता तक उनके उत्पादन में कटौती करके विदेशी फर्मों की समर्थता को कम करने के बारे में हाथी समिति की विभिन्न सिफारिशों को आम रूप में स्वीकार करते समय भारतीय औषध उत्पादक यूनिटों को सम्बद्ध प्रपुंज औषध अब से विदेशी साम्य पूंजी को 40% तक कम करने तथा उसके बाद 26% तक कम करने के बिना सूत्रयोगों के उत्पादन की अनुमति दी जानी चाहिये ।

सरकार ने सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है कि सरकारी क्षेत्र को प्रमुख भूमिका दी जानी चाहिये तथा देश में औषध एवं भेषज के उत्पादन में भारतीय क्षेत्र को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये । अनेक अन्य सुझावों को नोट कर लिया गया है।

दिल्ली-हावड़ा डीलक्स और राजधानी चेयरकार रेलगाड़ियों में महिला गिरोह

3221. **श्री शंकर नारायण सिंह देव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत तीन वर्षों के दौरान ऐसी अनेक शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि महिला यात्रियों के आभूषण चुराने के लिए दिल्ली-हावड़ा डीलक्स तथा राजधानी चेयर-कार रेलगाडियों में कोई महिला गिरोह कार्य कर रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इन शिकायतों का ब्यौरा क्या है और इस महिला गिरोह से सम्बद्ध व्यक्तियों के क्या नाम हैं; और

(ग) यात्रियों की सुरक्षित यात्रा के लिए अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) और (ख) डीलक्स/राजधानी एक्सप्रेस गाडी में सक्रिय औरतों के एक गिरोह द्वारा यात्रियों के समान की चोरी होने की कोई विशिष्ट शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। फिर भी अगस्त, 1975 के दौरान रेलवे पुलिस ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन से 4 महिलाओं, जिनके नाम (i) श्रीमती सीता दास पत्नी बिमलदास (ii) श्रीमती मुनी बाला दास पत्नी सतीश चन्द्र (iii) श्रीमती पुष्पा विश्वास पत्नी परोहुल्ला विश्वास और (iv) श्रीमती मनु राय पत्नी मनोहर राय को संदिग्ध परिस्थितियों में गिरफ्तार किया था। उनकी पूछताछ के दौरान गिरफ्तार महिलाओं ने यह स्वीकार किया कि उन्होंने दो चोरी की वारदातें कीं. जिनमें से एक 16-8-75 को राजधानी एक्सप्रेस में चढ़ती हुई एक महिला के 15000 रुपये के कीमती जेवरों की चोरी थी और दूसरी 29-7-75 को नयी दिल्ली स्टेशन पर बहिर्गमन फाटक से जाती हुई महिला यात्री के बटुवे की चोरी थी जिसमें जेवर (हीरे) थे।

इन दोनों मामलों में चुरायी गयी सारी सम्पत्ति बरामद कर ली गयी है और पुलिस द्वारा मामलों का चालान कर दिया गया है।

(ग) 1. दिल्ली-हावड़ा वातानुकूलित गाड़ी में सरकारी रेलवे पुलिस के सशस्त्र रक्षा दल के साथ-साथ सादे कपड़ों में सरकारी रेलवे पुलिस भी चलती है।

2. राजधानी कुर्सीयान और डीलक्स गाड़ी के ठहराव वाले स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर पहुंचने पर सरकारी रेलवे पुलिस के कर्मचारी प्लेटफार्मों और गाड़ियों में अपराधियों एवं अन्य अवांछनीय तत्वों का पता लगाने के लिए प्लेटफार्मों पर गश्त लगाते हैं और निरंतर निगाह रखते हैं।

3. इस प्रकार के तत्वों के बारे में आसूचना इकट्ठी करने के लिए सहायक व्यक्तियों को लगाया जाता है और सरकारी रेलवे पुलिस द्वारा उपयुक्त निवारणात्मक उपाय किये जाते हैं।

गालसी और बकुलतला में तेल के लिए छिद्रण

3222. **श्री एच० एन० मुकर्जी**
श्री रानेन सेन } : क्या पेट्रोलियम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार का गालसी में तेल के लिये छिद्रण कार्य वास्तव में कब आरम्भ करने का विचार है ;

(ख) क्या तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग ने पश्चिम बंगाल के 24 परगना में बकुलतला क्षेत्र में तेल और गैस का पता लगाया है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या हैं ?

पैट्रोलियम मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जैड० आर० अन्सारी) : (क) गालसी में व्यधन कार्य लगभग 1976 में शुरू किये जाने की आशा की जाती है।

(ख) और (ग) जी नहीं, अब तक नहीं।

करवाड़ पत्तन को रेल द्वारा जोड़ने के लिए अभ्यावेदन

3223. **श्री पी० रंगानाथ शिनाय** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कर्नाटक में करवाड़ पत्तन को भारतीय रेलों से जोड़ने के लिए एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) जी हां।

(ख) हुबली से करवाड़ तक रेल सम्पर्क बनाने के लिए हाल ही में एक प्रारम्भिक इंजीनियरी तथा यातायात सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण की रिपोर्टों की जांच करने से पता चला है कि 191.29 कि० मीटर लम्बी इस लाइन पर 34.8 करोड़ रुपये लागत आयेगी और डी० सी० एफ० प्रणाली द्वारा 0.19 प्रतिशत आय होगी। यातायात की बहुत कम संभावनाओं को देखते हुए इस परियोजना को फिलहाल छोड़ दिया गया है।

सियालदह डिवीजन में रेलवे सम्पत्ति चुराने पर गिरफ्तार किए गए व्यक्ति

3224. **श्री शक्ति कुमार सरकार** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1974-75 में सियालदह डिवीजन में रेलवे सम्पत्ति चुराने पर गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों की संख्या कितनी है ;

(ख) इनमें से कितने व्यक्तियों को 1972--74 में भी गिरफ्तार किया गया था ; और

(ग) इस डिवीजन में रेलवे सम्पत्ति को अपराधियों से बचाने के लिए क्या कार्यवाही की गई है और इसके क्या परिणाम निकले हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) सियालदह मंडल में 1974 और 1975 के दौरान रेल सम्पत्ति चुराने के कारण क्रमश: 429 और 525 व्यक्ति गिरफ्तार किये गये थे।

(ख) 1974-75 में गिरफ्तार किये गये सात व्यक्ति 1972-74 की अवधि के दौरान भी गिरफ्तार किये गये थे।

(ग) सियालदह मंडल में रेल सम्पत्ति को अपराधियों से बचाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाये गये हैं :—

1. लोहा, सीमेंट, खाद्यान्न, चीनी आदि जैसी मूल्यवान वस्तुओं की ढुलाई करने वाली गाड़ी भार में चलने वाली अधिकांश माल गाड़ियों पर विशेषकर रात के समय, रेलवे सुरक्षा दल के सशस्त्र मार्गरक्षक चलते हैं।
2. भेद्य क्षेत्रों और बदनाम जगहों पर यथासम्भव रेलवे सुरक्षा दल के सशस्त्र जवानों द्वारा गश्त लगायी जाती है।
3. अपराधियों के छुपने की जगहों और चोरी का माल लेने वालों के गोदामों और दुकानों पर अपराध आसूचना ब्यूरो/रेलवे सुरक्षा दल के जवानों द्वारा अचानक छापे मारे जाते हैं और तलाशी ली जाती है।

4. रेलवे सुरक्षा दल के अधिकारियों द्वारा पर्यवेक्षण काम कड़ा कर दिया गया है ।

5. रेलों पर अपराध करने वालों को रंगे हाथों पकड़ने के लिए रेलवे सुरक्षा दल/अपराध शाखा के सादा पोशाक वाले कर्मचारियों को तैनात किया गया है ।

6, अपराधियों को पकड़ने के लिए और कुख्यात अपराधियों को आन्तरिक सुरक्षा अधिनियम के अधीन बंद हिरासत में लेने के लिए खुफिया पुलिस और स्थानीय सरकारी रेलवे पुलिस के साथ निकट सम्पर्क रखा जाता है। रेलवे सुरक्षा दल द्वारा की गयी कार्रवाई के आधार पर आज तक 123 अपराधियों/चुरायी गयी रेल सम्पत्ति लेने वालों को आंतरिक सुरक्षा अधिनियम के अधीन हिरासत में लिया गया है ।

जो कार्रवाइयां की गयी हैं उनके परिणामस्वरूप, इस मंडल में चोरी की घटनाओं में कुछ सुधार दिखायी देता है ।

श्रेणी दो, तीन और चार के कर्मचारियों में कमी

3225. **श्री एस०एम० सिद्दय्या :** क्या रेल मंत्री श्रेणी एक से श्रेणी चार तक के पदों में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व में कमी को पूरा करने के लिए किये गये उपाय के बारे में 27 जनवरी, 1976 के तारांकित प्रश्न संख्या 266 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 31 मार्च, 1976 तक श्रेणी दो, तीन और चार के पदों में प्रत्यक्ष भर्ती और पदोन्नति दोनों के मामले में प्रतिनिधित्व की कमी को पूरा किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या हैं ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) और (ख) श्रेणी II की रिक्तियां सामान्यतः श्रेणी III के उपयुक्त कर्मचारियों को पदोन्नत करके भरी जाती हैं । ऐसी पदोन्नतियों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण 20-7-1974 से प्रारम्भ किया गया है । किन्तु यदि किसी खास वर्ष में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार पर्याप्त संख्या में उपलब्ध न हों तो उनके आरक्षणों को वर्ष-प्रति-वर्ष अग्रानीत नहीं किया जाता है ।

श्रेणी III और श्रेणी IV में कमी पूरी करने के लिए चलाये गये विशेष अभियान के फलस्वरूप मार्च, 1976 के अन्त में निम्नलिखित भर्ती/पदोन्नतियां की गयी हैं :—

	नियुक्त व्यक्तियों की संख्या	
	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति
श्रेणी III		
भर्ती की कोटियों में . .	1612	1114
पदोन्नति की कोटियों में . .	3513	2827
श्रेणी IV		
भर्ती की कोटियों में . .	2703	5836
पदोन्नति की कोटियों में . . .	1174	1477

पराद्वीप और मथुरा में उर्वरक संयंत्र

3226. **श्री अर्जुन सेठी** : क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री सरकारी क्षेत्र के उर्वरक संयंत्रों को विश्व बैंक की सहायता के बारे में 30 मार्च, 1976 के तारांकित प्रश्न सं० 320 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आन्तरिक संसाधनों पर दबाव संयंत्रों के लिये अपेक्षित विदेशी उपकरणों के अभाव और बंगाल की खाड़ी में तेल क्षेत्र की अनुकूल सम्भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पराद्वीप और मथुरा उर्वरक परियोजनाओं की मूल योजना में परिवर्तन किये जाने के लिये कोई कार्यवाही की जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या हैं ; और

(ग) इस बारे में क्या विशिष्ट कार्यवाही की गई है ?

रसायन एवं उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) से (ग) संसाधन संबंधी बाधाओं के कारण मथुरा एवं पराद्वीप प्रायोजनाओं को अभी कार्यान्वित करने के लिये प्रारम्भ नहीं किया गया है । संसाधन स्थिति के अतिरिक्त हमारे अपतटीय क्षेत्रों में तेल/गैस की उपलब्धियों में इन प्रायोजनाओं, जिन्हें मूल रूप में ईंधन तेल के रूप में सम्भरण सामग्री पर आयोजित किया गया था, के लिये प्रयोग में लाये जाने वाले सम्भरण सामग्री की समीक्षा करना आवश्यक हो गया । कुछ खोज कार्यों के परिणाम-स्वरूप उपलब्ध होने गैस/लाइट रिपैकसन्स जैसेनेप था के स्वरूप एवं सीमा के सम्बन्ध में एक स्पष्ट रूपरेखा निखरेगी तथा एक अथवा दो वर्षों में उनके उर्वरक सम्भरण सामग्री के रूप में प्रयोग होने की सम्भावना है । इन तथा अन्य प्रायोजनाओं के सम्बन्ध हैं, इसके बाद आगामी कार्यवाही की जायेगी जिन्हें उर्वरक क्षमता के विकास के लिये छटे योजना कार्यक्रम के एक भाग के रूप में लिया जायेगा ।

औद्योगिक लाइसेंसों का पुनर्विलोकन

3227. **श्री के० लकप्पा** क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार से विदेशी औषध कम्पनियों को दिये गये औद्योगिक लाइसेंसों का पुनर्विलोकन करने का आग्रह किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस पर क्या निर्णय लिया गया है ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) और (ख) औषध और भेषज उद्योग जिसकी रिपोर्ट सभा-पटल पर 8-5-1975 को प्रस्तुत की गई थी ने सरकारी क्षेत्र का रोल (भूमिका), औद्योगिक लाइसेंस दिये जाने के समय भारतीय क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिये उठाये जाने वाले कदमों, जिस तरीके से विदेशी कम्पनियों के अधिक उत्पादन को नियमित किया जाना है आदि से सम्बन्धित कुछ सिफारिशें की हैं । अधिकांश विदेशी कम्पनियों के विषय में अधिक उत्पादन से सम्बन्धित आंकड़े एकत्र किये जा रहे हैं तथा तत्पश्चात् उपयुक्त कार्यवाही के लिये संकलित किये जायेंगे ।

मार्च और अप्रैल, 1976 में हुई रेल दुर्घटनाएं

3228. **श्री रानेन सेन** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1976 के मार्च और अप्रैल महीनों में कितनी रेल दुर्घटनाएं हुईं;

(ख) इनमें कितने व्यक्ति मारे गये ;

(ग) रेलवे की कुल कितनी सम्पत्ति का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है ;

(घ) क्या मामलों की जांच करने के लिए सरकार ने कोई जांच समिति स्थापित की है ; और

(ङ) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) भारत की सरकारी रेलों पर 1-3-76 से 20-4-76 तक (जिस तारीख तक की सूचना उपलब्ध है) टक्कर लगने, पटरी से उतरने, समपारों पर गाड़ियों की सड़क यातायात से टक्कर हो जाने और गाड़ियों में आग लग जाने की 119 गाड़ी दुर्घटनाएं हुई थीं ।

(ख) 6 आदमी मर गये थे ।

(ग) चल स्टाक और रेल पथ आदि जैसी रेल सम्पत्ति को लगभग 25,05,100 रुपये की क्षति पहुंचने का अनुमान लगाया गया है ।

(घ) और (ङ) प्रत्येक दुर्घटना की जांच या तो रेलवे अधिकारियों द्वारा की जाती है या रेल संरक्षा के अपर आयुक्त द्वारा की जाती है जो पर्यटन एवं नागर विमानन मंत्रालय के अधीन स्वतंत्र रूप से काम करता है । इन जांचों के निष्कर्षों के अनुसार इन दुर्घटनाओं के कारण इस प्रकार हैं :—

(1) रेल कर्मचारियों की गलती . .	43
(2) रेल कर्मचारियों से भिन्न व्यक्तियों की गलती . .	14
(3) उपस्कर की खराबी .	25
(4) आकस्मिक . . .	5
(5) कारण अभी ज्ञात नहीं हो पाये . . .	32
जोड़	119

डीज़ल के उपयोग में मितव्ययता के लिए राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद द्वारा किया गया अध्ययन

3229. **श्री पी० गंगा रेड्डी** : क्या **पैट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद् ने डीज़ल तेल की खपत में मितव्ययता लाने के विचार से कोई अध्ययन किया था; और

(ख) यदि हां, तो अध्ययन की मुख्यत बातें क्या हैं ?

पैट्रोलियम मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जियाउर्रहमान अन्सारी) : (क) हाल में राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद् द्वारा ऐसा कोई अध्ययन नहीं किया गया । तथापि 1966 में परिषद् द्वारा राज्य रोड परिवहन निगमों में से एक में अध्ययन किया गया था ।

(ख) इस अध्ययन से अनुमान लगाया गया है कि प्रति 100 किलो मीटर पर 27 लीटर से प्रति 100 किलो मीटर पर 22 लीटर डीज़ल तेल की खपत को कम करने की निम्न आधार पर सम्भावना है :—

(i) डीज़ल के विरुद्ध विभिन्न कमियों के विषय में फलीट का विश्लेषण;

(ii) वास्तविक प्रयोग के पश्चात् डीज़ल उपभोग के मानदण्डों का मूल्यांकन;

(iii) बस रूट का पुनः कार्यक्रम तैयार करना; तथा

(iv) नियंत्रण को और अधिक प्रभावशाली बनाने के संगठनात्मक प्रणाली को कार्य-कुशल बनाना ।

पुराने बेकार इंजनों का निपटान

3230. **श्री प्रबोध चन्द्र** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में पुराने बेकार इंजनों का निपटान करने का निर्णय लिया है ; और

(ख) यदि हां, तो उनका निपटान किस प्रकार किया जायेगा?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) जी हां ; वर्तमान अनुदेशों के अनुसार नाकारे इंजनों का निपटारा कर दिया जाता है ।

(ख) यह निपटारा नीलाम/निविदा द्वारा बिक्री करके किया जाता है ।

टाटा बन्धुओं द्वारा सोडियम डाइक्रोमेट का उत्पादन

3231. **श्री भाऊसाहेब थामनकर** : क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सोडियम डाइक्रोमेट का उत्पादन पूर्णतः लघु उद्योग क्षेत्र के लिये आरक्षित है ;

(ख) क्या टाटा बन्धुओं का विचार उड़ीसा में राज्य सरकार के एक उपक्रम के सहयोग से एक बड़ा सोडियम डाइक्रोमेट संयंत्र स्थापित करने का है ; और

(ग) यदि हां, तो क्या इस कार्य के लिये टाटा बन्धुओं को अनुमति दे दी गई है ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) से (ग) जी हां । सूचना एकत्र की जा रही है एवं सभा पटल पर प्रस्तुत की जायेगी ।

तेल अन्वेषण सम्बन्धी आंकड़ों के अध्ययन में ब्रिटेन की सहायता

3232. **श्री एन० ई० होरो** : क्या **पेट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ब्रिटिश सरकार ने तटदूर तेल अन्वेषण सम्बन्धी आंकड़ों के अध्ययन में भारत को तकनीकी सहायता देने के लिये कुछ अधिकारी भेजने की पेशकश की है ; और

(ख) यदि हां, तो भारत ने उस पर क्या निर्णय किया है ?

पैट्रोलियम मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जियाउर्रहमान अन्सारी) : (क) और (ख) जनवरी, 1975 में यू० के० के तत्कालीन ऊर्जा राज्य मंत्री लॉर्ड बेलौग की भारत-यात्रा के दौरान तेल की स्थिति से सम्बन्धित आपसी हितों के मामलों पर विचार-विमर्श किया गया था । उन्होंने यू० के० में भारतीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने और तेल अन्वेषण तथा उत्पादन में भारत को तकनीकी सहायता देने के लिये अल्पावधि के लिये अपने विशेषज्ञों को भारत में भेजने का प्रस्ताव रखा । अब ओ० एन० जी० सी० और यू० के० के ऊर्जा विभाग के बीच आपसी सहयोग के बारे में विचार-विमर्श हो गया है । यू० के० सरकार द्वारा दी गई तकनीकी सहायता का उपयोग आवश्यकतानुसार उचित समय पर किया जायेगा ।

मोटर कार उद्योग द्वारा कम दरों पर पेट्रोल का कोटा उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध

3233. **श्री रामसहाय पांडे**
श्री बाई० ईश्वर रेड्डी } : क्या **पेट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मोटर कार उद्योग ने सरकार से अनुरोध किया है कि प्रति मीटर कार कम से कम 100 लिटर पेट्रोल का मासिक कोटा कम दरों पर दिलाने की व्यवस्था की जाये; और

(ख) यदि हाँ, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

पेट्रोलियम मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जियाउर्रहमान अन्सारी) : (क) मोटर कार उद्योग से पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा कोई ऐसी प्रार्थना प्राप्त नहीं की गई है तथापि गत वर्ष कुछ ऐसी ही प्रार्थना टैक्सी चालकों के संघ से प्राप्त हुई थी। परन्तु पेट्रोल के लिये दोहरी मूल्य पद्धति स्वीकार्य नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

गोंडिया के स्टेशन मास्टर और पार्सल क्लर्क के विरुद्ध शिकायतें

3234. **श्री सरजूपांडे** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नागपुर से डी० एस० और डी० सी० एस० गोंडिया रेल स्टेशन पर वहां के स्टेशन मास्टर और पार्सल क्लर्क के खिलाफ की गई शिकायतों की जांच करने गये थे;

(ख) क्या उन्होंने कोई रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है ; और

(ग) इस मामले में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) से (ग) जी नहीं। किन्तु मण्डल वाणिज्य अधीक्षक, नागपुर की गोंडिया के सब्जी के व्यापारियों के साथ उनकी शिकायतों की जांच करने के लिए 9-12-1975 को एक बैठक हुई जो मुख्यतौर पर निम्नलिखित से संबंधित थी :—

(i) पार्सलों की सुपुर्दगी में विलम्ब।

(ii) कुछ खास गाड़ियों द्वारा लदान न किये जाने के कारण पार्सलों का रुका रहना और पार्सल कर्मचारियों द्वारा बुकिंग करने से इनकार करना।

(iii) स्टेशन के मौजूदा कर्मचारी, जो लम्बे अर्से से वहां पर काम करते आ रहे हैं उनको स्थानान्तरित करने का अनुरोध।

निम्नलिखित निर्णय लिये गये :

(i) व्यापारियों के अनुरोध पर सड़ने वाले माल की प्लेटफार्मों पर सुपुर्दगी समाप्त करके उसे पार्सल कार्यालय में करने की व्यवस्था कर दी गयी थी। सुपुर्दगी करने से पूर्व पार्सलों को प्लेटफार्मों से पार्सल कार्यालय को स्थानान्तरित करने की प्रक्रिया में कुछ विलम्ब अपरिहार्य था क्योंकि पार्सल कार्यालय प्लेटफार्मों से कुछ दूर है। अधिकांश व्यापारियों के प्लेटफार्म पर ही सुपुर्दगी लेने के इच्छुक होने पर सुपुर्दगी प्लेटफार्म पर ही देने की पुरानी प्रणाली को पुनः अपनाने का प्रश्न रेल प्रशासन के विचाराधीन है।

(ii) चूंकि पार्सलों का लदान अनिवार्य रूप से किसी खास गाड़ी के ठहराव समय के भीतर और उनमें उपलब्ध खाली जगह के अन्तर्गत ही करना होता है, अत: सभी पार्सल एकही गाड़ी में नहीं लादे जा सकते ।

गौडिया पर पार्सलों का लदान 8-00 बजे से 12-00 बजे तक और 14-00 बजे से 17-30 बजे तक किया जाता है, चूंकि कार्य के घंटों का कड़ाई से अनुपालन किया जाता है, अत: कार्य बन्द होने के समय के बाद भी बुकिंग स्वीकार करने का व्यापारियों का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जा सका ।

(iii) आवधिक स्थानान्तरण की प्रणाली फिलहाल आस्थगित है । फिर भी गौडिया पर एक नया स्टेशन मास्टर तैनात कर दिया गया है और गौडिया पार्सल घर के काम पर कड़ी नजर रखने की व्यवस्था की गयी है ।

झंझर-वाचस्पति नगर रेलवे लाइन पर यातायात

3235. **श्री भोगेन्द्र झा :** क्या रेल मंत्री झंझरपुर-आंध्राधरी सेक्शन के यातायात के लिए खोले जाने के बारे में 9 मार्च, 1976 के अतारांकित प्रश्न संख्या 210 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या झंझरपुर-लौकाहाबाजार रेल लाइन के झंझरपुर-वाचस्पति नगर भाग को यातायात के लिए खोल दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या है ;

(ग) इस लाइन के वाचस्पति नगर–लौकाहाबाजार सेक्शन के पूरे होने तथा इसे यातायात के लिए खोले जाने के बारे में नवीनतम स्थिति क्या है; और

(घ) सकरी-हसनपुर लाइन, जो पहले ही अनुमोदित परियोजना है, राज्य सरकार के उत्तर तथा निर्माण कार्य आरम्भ करने तथा पूरा करने के लिए निर्धारित समय के सम्बन्ध में नवीनतम स्थिति क्या है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) से (ग) झंझरपुर से वाचस्पति नगर खंड का कार्य जोकि झंझरपुर और लौकहाबाजार के बीच लगभग आधी दूरी पर है वास्तविक रूप से पूर्ण हो चुका है और यातायात के लिए खोला जा सकता है बशर्ते कि राज्य सरकार भूमि के उन मालिकों को मुआवजा दे जिन की भूमि इस परियोजना के लिए अधिकृत की गयी है ।

वाचस्पति नगर-लौकहाबाजार खंड का कार्य भी रुका हुआ है क्योंकि बिहार राज्य सरकार ने इस कार्य के लिए अधिग्रहण की गयी भूमि की लागत बहन करने के प्रश्न पर कोई निर्णय नहीं किया है । संयोगवश इस परियोजना में काफी प्रगति हुई है और यातायात के लिए शीघ्र ही खोली जा सकती है ।

(घ) हसनपुर-सकरी परियोजना के लिए भूमि और मिट्टी के काम की लागत वहन करने के लिए बिहार सरकार के अन्तिम उत्तर की अभी भी प्रतीक्षा की जा रही है । राज्य सरकार द्वारा वित्तीय व्यवस्थाओं की स्वीकृति दिये जाने के बाद ही प्राक्कलनों की मंजूरी दी जा सकेगी और निर्माण की तालिका तैयार की जा सकेगी ।

असम आयल कम्पनी, डिगबोई के कुछ कर्मचारियों की गिरफ्तारी

3236. **श्री नूरुल हूडा :** क्या पेट्रोलियम मंत्री जी बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या असम आयल कम्पनी, डिगबोई (आसाम) का महाप्रबन्धक, मुख्य विपणन प्रबन्धक तथा कुछ अन्य वरिष्ठ अधिकारी भारत सुरक्षा नियमों के अन्तर्गत अगस्त, 1975 में गिरफ्तार किये गये और जेल में रखे गये थे ;

(ख) यदि हां, तो उनकी गिरफ्तारी के क्या कारण थे; और

(ग) क्या उनके विरुद्ध लगाये गये आरोपों की जांच कर ली गई है और जांच के परिणाम क्या निकले ?

पेट्रोलियम मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जियाउर्रहमान अन्सारी) : (क) से (ग) असम आयल तेल कम्पनी से तीन वरिष्ठ अधिकारी अर्थात् महा प्रबन्धक, मुख्य विपणन प्रबन्धक तथा तकनीकी प्रबन्धक 31 जुलाई, 1975 को भारत-सुरक्षा नियमों के अन्तर्गत सीमेंट के स्टाक को निपटाने में कुछ अनियमितता के लिये गिरफ्तार किये गये थे तथा डिबरुगढ़ जेल में रखे गये थे, परन्तु बाद में 2-8-1975 को छोड़े गये थे। सम्बन्धित व्यक्तियों के विरुद्ध लगाये गये आरोपों की जांच को अभी तक अन्तिम रूप नहीं दिया गया है ।

आयातित कीटनाशी औषधियों का मूल्य

3237. **श्री विश्वनारायण शास्त्री**
श्री कृष्ण चन्द्र पांडे } : क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के ध्यान में यह बात लाई गई है कि विदेशी कम्पनी की एक सहायक कम्पनी फार्मूलेशन के पश्चात् अत्यधिक मूल्य पर आयातित कीटनाशी औषधियों को बेच रही है और इससे 200% से अधिक लाभ कमा रही है ; और

(ख) देश में किसानों को विशेषकर छोटे तथा सीमान्त किसानों को लाभ पहुंचाने के लिये इसके मूल्य कम करने हेतु सरकार ने क्या कार्यवाही की है अथवा करने का विचार है ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

नाइट्रोजन उर्वरकों के उठान में कमी

3238. **श्री एन० आर० डेकारिया**
श्री कृष्णचन्द्र पांडे } : क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत तीन महीनों में नाइट्रोजन उर्वरकों के कम उठाने के कारण उर्वरक निर्माताओं के पास नाइट्रोजन उर्वरकों की 1.5 लाख टन स्टाक जमा हो गया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार उर्वरकों के एक राज्य से दूसरे राज्य में निर्बाध रूप से लाने ले जाने पर लगे प्रतिबन्ध को हटा रही है ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) जी हां । 1-4-76 को नाइट्रोजन का स्टाक लगभग 2.02 लाख मी० टन था ।

(ख) जी नहीं। देश के विभिन्न भागों में उर्वरकों को रेल द्वारा परिवहन करने के लिए समन्वित योजना को तैयार करने के संबंध में वर्तमान व्यवस्था उपयोगी है।

विदेशी औषध कम्पनियों द्वारा कच्चा माल चोरी छिपे बेचा और खरीदा जाना

3239. **श्री सोमचन्द सोलंकी :** क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस आशय की शिकायतें मिली हैं कि हमारे देश में विदेशी औषध निर्माता कंपनियां कच्चे माल को चोरी छिपे अनधिकृत रूप से खरीदने और बेचने का काम करती हैं;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में प्रकाश में आई ऐसी गतिविधियों का ब्योरा क्या है और कौन-कौन सी कंपनियां अंतर्ग्रस्त हैं; और

(ग) इन फर्मों के विरुद्ध और ऐसी अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) से (ग) : विदेशी साम्य पूंजी वाली भेषज फर्में, जिसके लिए वे मूल कच्चे माल की तस्करी में लगी हुई हैं और जिन्हें लाइसेंस दिए गए थे और जो इस सामग्री को अपने द्वारा निर्मित की हुई सामग्री के रूप में बेचते हैं का कोई उदाहरण सरकार के ध्यान में नहीं आया है। अतः कोई कार्यवाही करने का प्रश्न नहीं उठता।

मैसर्स एब्बट, फाईजर और ग्लैक्सों द्वारा औषधियों का उत्पादन

3240. **श्री सोम चन्द सोलंकी :** क्या **रसयन और उर्वरक** मंत्री यह बतान की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में मैसर्स एब्बट, मैसर्स फाइज़र, मैसर्स हैक्स्ट और मैसर्स ग्लेस्क्री की अपनी-अपनी कम्पनियों के वास्तविक 'बल्क' औषधियों और फार्मूलेशनों के उत्पादन का ब्यारा क्या है तथा औषधियों के कुल उत्पादन में इनकी प्रतिशतता क्या है;

(ख) सभी परियोजनाओं के क्रियान्वित हो जाने पर, जिनके लिए इन कंपनियों के पास मंजूरी है, 'बल्क' औषधियों और फार्मूलेशनों का प्रत्याशित उत्पादन कितना है;

(ग) कच्चे माल के आयात, लाभांश आदि स्वदेश भेजने के कारण इनमें से प्रत्येक कम्पनी ने गत तीन वर्षों में कुल कितनी विदेशी मुद्रा विदेशों में भेजी; और

(घ) सरकार का क्या उपाय करने का विचार है जिससे विदेशी औषध निर्माता कम्पनियां विदेशों को कम विदेशी मुद्रा भेज सकें?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) से (घ) : सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर प्रस्तुत की जाएगी।

एनेलजिन फार्म्यूलेशनों का निर्माण

3241. **श्री सोम चन्द सोलंकी :** क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एनेलजिन फार्म्युलेशनों के निर्माण की प्रौद्योगिकी देश में उपलब्ध है;

(ख) यदि हां, तो भारतीय/सरकारी क्षेत्र के एककों की तुलना में विदेशी औषध निर्माण एककों को कितनी क्षमता की अनुमति दी गई है; और

(ख) क्या विदेशी फर्मों को अनुमोदित क्षमता से अधिक कच्चे माल की अनुमति दी गई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) जी हां।

(ख) संगठित क्षेत्र में संभवत: समान मामलों में एनालजीन पर आधारित गोलियां, इंजेक्शन जैसे सूत्रयोगों के उत्पादन के लिए या तो एकल अथवा अन्य प्रपुंज औषधों के समामेलन को सूत्रयोगों से संबंधित श्रेणी की समग्र रूप में स्वीकृत क्षमताओं के अन्तर्गत बताया गया है। इसी प्रकार पंजीकरण प्रमाणपत्रों अथवा लघु क्षेत्र उद्योग में व्यवस्थित स्वीकृत क्षमताओं के बारे में कोई आंकड़े नहीं हैं।

(ग) वर्ष 1972–73, 1973–74 एवं 1974–75 के दौरान विभिन्न फर्मों को दिए गए एनालजीन देने के आंकड़ों से यह देखा गया है कि संगठित क्षेत्र में केवल 5 कंपनियों ने जिनमें विदेशी साम्यपूंजी 40 प्रतिशत से अधिक है एनालजीन की सप्लाई प्राप्त की। इन सप्लाइयों के आंकड़े संलग्न विवरण पत्र 1 में दिए गए हैं। मैसर्स हैक्स्ट फार्मास्युटिकल्स लि० के संबंध में एनालजीन की आवश्यकता प्रतिवर्ष 32.65 मी० टन है। तथापि बिगत दो अच्छे वर्षों के आधार पर आवंटन की उनकी हकदारी 131 मी० टन है।

1972–73 तक एनालजीन का आवंटन राज्य औषध नियंत्रकों की सिफारिशों के आधार पर किया जाता है। 1973–74 से सरणीबद्ध प्रपुंज औषधों जिनमें एनालजीन शामिल है दो वर्षों में से सबसे अधिक आवंटन अथवा राज्य व्यापार नियंत्रक द्वारा सिफारिश की गई मात्रा में से जो भी कम है।

मैसर्स ई मर्क के पास एनालजीन के सूत्रयोग के लिए कोई स्वीकृत क्षमता नहीं है। उन्हें बिना औद्योगिक लाइसेंस के एनालजीन एवं विटामिन बी 1 के सम्मिश्रण से बने सूत्रयोग डोलोन्यूरोवोयन, बी० 6, तथा बी 12 का उत्पादन करते हुए पाया गया है। इस अनियमितता को तकनीकी रूप में माना गया है। इस प्रकार इस कार्यकलाप को विनयमित करने के लिए कार्यवाही चल रही है तथा इस कार्य के लिए पार्टी ने आवेदन पत्र भेज दिया है।

विवरण

(आंकड़े किलोग्राम में)

क्रम संख्या	कंपनी का नाम	के दौरान दिए गए एनालजीन की मात्रा		
		1972–73	1973–74	1974–75
1.	एंगलो फैन्च ड्रग बम्बई।	685	240	–
2.	ई मर्क (इण्डिया) लि०, बम्बई	6170	500	8255
3.	ज्योफ़े मैनर्स एण्ड कम्पनी, बम्बई	11505	8800	8100
4.	हैक्स्ट फार्मास्युटिकल्स, बम्बई	120680	145450	150000
5.	(i) मारटिन एण्ड हैरिस लि०, बम्बई	2030	200	200
	(ii) मारटिन एण्ड हैरिस लि०, कलकत्ता	2100	1250	–

विदेशी फर्मों द्वारा मूल निवेश और उनकी वर्तमान साम्य पूंजी

3242. **श्री भालजीभाई रावजीभाई परमार** : क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मैसर्स ग्लैस्को, फाईजर, सी० ई० फुल्फोर्ड, एवट्टस, ज्योफ्रेमैनर्स, हैक्स्ट, रोशे, सीवा, सेण्डोज, सायना आईड, एंग्लोफ्रेंच और आई० सी० आई० सी० आई० द्वारा कितना मूल पूंजी निवेश किया गया था और उनकी फर्म-वार वर्तमान साम्य पूंजी क्या है;

(ख) इन फर्मों की गत तीन वर्षों में कुल बिक्रियां क्या थीं और इन्होंने किन-किन मदों को निर्धारित से अधिक उत्पादन किया ; और

(ग) क्या सरकार का भारतीय औषध उद्योगों के विकास के हित में इन फर्मों को अपने अधिकार में लेने का और सरकारी क्षेत्र को इस उद्योग में अधिक भूमिका देने का विचार है?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) और (ख) उपलब्ध आंकड़े औषध एवं भेषज उद्योग पर समिति की रिपोर्ट के अध्याय–1 के विभिन्न अनुबन्धों में दिए गए हैं जिसकी प्रति-लिपि 8–5–1975 को सभा पटल पर रख दी गई थी।

(ग) इस समय ऐसे किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जा रहा है।

Working conditions of Guards

†3243. DR. LAXMINARAYAN PANDEYA: Will the MINISTER OF RAILWAYS be pleased to state:

(a) the various improvements demanded by the Western Railway Branch of the All India Guards (Railway) Association in the working conditions of Guards; and

(b) the steps taken by Government in this regard ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI BUTA SINGH): (a) No representation in this regard has been received from Western Railway Branch of All India Guards Council.

(b) Does not arise.

Extension of Goods Sheds at Jaora, Dhodhar and Mandsaur Stations

†3244. DR. LAXMINARAYAN PANDEYA: Will the MINISTER OF RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether booked goods often remain lying outside the goods sheds and get damaged in rains and the sun at Jaora, Dhodhar and Mandsaur stations of Ratlam division of Western Railway due to inadequate capacity of the goods sheds there;

(b) if so, whether the merchants and other concerned persons of the area have made demand for the extension of the goods sheds there; and

(c) if so, the action taken in this regard ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI BUTA SINGH):

(a) No.

(b) No.

(c) Does not arise.

Proposal to make casting of Votes Obligatory

†3245. DR. LAXMINARAYAN PANDEYA: Will the MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government have before them a proposal to make casting of votes obligatory besides the proposal for lowering voting age from 21 years to 18 years; and

(b) if so, Government's reaction thereto ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (DR. V.A. SEYID MUHAMMAD) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

नागपुर से चुराई गई रेल सम्पत्ति

3246. **श्री बसन्त साठे** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नागपुर से गत एक वर्ष के दौरान लगभग दो लाख रुपए की रेल संपत्ति चोरी चली गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या हैं और इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है अथवा किए जाने का विचार है;

(ग) मध्य रेलवे के ऐसे अन्य कौन-कौन से महत्वपूर्ण स्टेशन हैं जहां पर चोरी की बड़ी-बड़ी घटनाएं होती हैं; और

(घ) इस बारे म क्या विशेष उपाय किए गए हैं और उनके क्या परिणाम निकले हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) कल्याण, पुर्णे, भुसावल, इटारसी, अजनी, नागपुर, आगरा कैंट और झांसी।

(घ) इस संबंध में निम्नलिखित विशेष कदम उठाए गए हैं :—

(1) पुराने अपराधियों और रेलवे की संपत्ति लेने वालों को आंतरिक सुरक्षा अधिनियम के अधीन बंदी बनाया गया है।

(2) भेद्य क्षेत्रों में गश्त लगाने के लिए रेलवे सुरक्षा दल के कुत्ता दस्तों को तैनात किया गया है।

(3) अपराधियों की हरकतों और गतिविधियों के बारे में आसूचना सादा पोशाक वाले कर्मचारियों द्वारा इकट्ठा की जा रही है और रेल संपत्ति (विधि विरुद्ध कब्जा) अधिनियम के अधीन छापे मारे जाते हैं/ मुकदमे चलाए जाते हैं।

इन कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप मध्य रेलवे पर अपराध की घटनाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

टिकटों की बिक्री के कारण रेलवे की आय में वृद्धि

3247. **श्री समर गुहा** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1973-75 के दौरान टिकटों की बिक्री में वृद्धि के कारण रेलवे की आय में कुल मिलाकर कितनी वृद्धि हुई है।

(ख) वातानुकूलित प्रथम श्रेणी सहित प्रथम श्रेणी तथा अन्य श्रेणी के टिकटों से हुई आय का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन्हीं वर्षों में (i) प्रथम श्रेणी, (ii) वातानुकूलित प्रथम श्रेणी और (iii) अन्य श्रेणियों के लिए सुविधाओं में सुधार करने पर कितना व्यय किया गया ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) 1972-73 के वर्ष की तुलना में 1973-74 के दौरान टिकटों की बिक्री लगभग उतनी ही थी, जबकि 1974-75 में वह कम हो गई। लेकिन किरायों में और गमन दूरी में वृद्धि के कारण 1972-73 के बाद टिकटों की बिक्री में आमदनी में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है।

(ख) आय का आवश्यक ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

(करोड़ रुपयों में)

आय	1972-73	1973-74	1974-75
वातानुकूलित प्रथम श्रेणी सहित पहले दर्जे के टिकटों से .	30.9	37.1	45.3
अन्य दर्जों से . .	312.9	330.0	367.3

(ग) यात्रियों की श्रेणी के अनुसार सुविधाओं की व्यवस्था पर खर्च का ब्यौरा नहीं रखा जाता है। "यात्रियों और अन्य रेल उपभोक्ताओं के लिए सुविधाएं" शीर्षक के अन्तर्गत कुल खर्च इस प्रकार है :—

1972-73 . . .	450 लाख रुपये
1973-74	301 लाख रुपये
1974-75	221 लाख रुपये

Selling of raw materials by Drug Firms

3248. SHRI HUKAM CHAND KACHWAI: Will the MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether some foreign drug manufacturing unit in India sold raw materials in the market at double rates by reducing their production far below the production capacity; and

(b) if so, their names and the quantum and value of the raw materials supplied to them during the years 1972 to 1975, year-wise ?

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI P. C. SETHI): (a) and (b): No such instances have come to the notice of Min. of C & F. Position is, however, being checked up in consultation with other authorities likely to be concerned and will be laid on the Table of the House.

Theft of goods from godowns and bogies at Ujjain, Ratlam, Indore and Nagda Stations

†3249. SHRI HUKAM CHAND KACHWAI : Will the MINISTER OF RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether goods in large quantity are stolen from the railway godowns and bogies on Ujjain, Ratlam, Indore and Nagda stations of Ratlam division;

(b) the number of such cases detected during the period from 1972 to 1975 and the number of persons awarded punishment therefor;

(c) whether Railway employees like watchmen have also been found to be involved in those cases; and

(d) the steps taken by Government to check such thefts in future ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI BUTA SINGH): (a) No, only 7 cases of theft of small quantity of goods were detected in 4 years time during 1972 to 1975 resulting in prosecution of 22 persons out of whom one person has been convicted and the remaining are pending trial.

(c) No Railway Employee or RPF Staff are found involved in such cases except in a stray case of 1974 in which 4 Railway Employees and 1 RPF Rakshak were arrested.

(d) Some of the important steps taken in this regard are enumerated below:—

(*i*) An analysis of thefts and pilferages is made every month at the Divisional Level and every 10 days at Headquarter level and security arrangements are intensified in the affected sectors and spots.

(ii) Regular meetings of State Lavel and Basic Level Committees are held for discussing Railway crimes and allied matters.

(*iii*) Close co-ordination and effective liaison is maintained with Government Railway Police and District Police.

(*iv*) Collection of crime intelligence by the Crime Intelligence Branch Staff and effective utilisation of the Divisional Plain Clothed Staff.

(*v*) Keeping strict surveilance on the known criminals through the medium of Government Railway Police and District Police.

(*vi*) Patrolling by armed staff on foot and posting of Armed/RPF pickets at vulnerable yards.

(*vii*) Action is also taken to detain known receivers of stolen property and habitual criminals under Maintenance of Internal Security Act and other Acts through the State Police authorities.

Vacant posts of Judges in Gwalior, Indore and Jabalpur Benches of Madhya Pradesh High Court

†3250. SHRI HUKAM CHAND KACHWAI : Will the MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) the number of posts of judges lying vacant in the benches of Madhya Pradesh High Court at Gwalior, Indore and Jabalpur;

(b) since when these posts have been lying vacant in eaeh bench; and

(c) the action being taken by Government to fill them up ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (DR. V. A. SEYID MUHAMMAD): (a) to (c): The sanctioned strength of the Madhya Pradesh High Court is of 20 permanent and three Additional Judges. These posts are for the entire Court and there is no separate strength for the Benches. It is for the Chief Justice of the High Court to consider posting of Judges to the Benches from the overall sanctioned strength. At present there are two vacancies of permanent judges and two vacancies of additional judges. Efforts are being made to fill up these vacancies as early as possible in consultation with the State authorities and the Chief Justice of India.

Cancellation of Trains from Gwalior to Sheopur, Shivpuri and Bhind

†3251. SHRI HUKAM CHAND KACHWAI : Will the MINISTER OF RAILWAYS be pleased to state whether all the trains running from Gwalior to Sheopur, Shivpuri and Bhind on narrow gauge lines in Jhansi Division of Central Railways have been cancelled?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI BUTA SINGH): Gwalior-Shivpuri Narrow-gauge section has been closed for all description of traffic with effect from 1-8-1975. Trains on Gwalior-Bhind and Gwalior-Sheopur Kalan sections, however, are running.

नार्थ कछार पहाड़ी जिले के लिए राज्य सभा में एक स्थान आबंटित किए जाने के लिए अभ्यावेदन

3252. **श्री नूरुल हूडा :** क्या विधी, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आसाम के मिकिर और नार्थ कछार पहाड़ी जिलों ने केन्द्रीय सरकार को नार्थ कछार पहाड़ी जिले के लिए राज्य सभा में एक स्थान आबंटित किए जाने के लिए एक संयुक्त अभ्यावेदन दिया है; और

(ख) केन्द्रीय सरकार की इस अभ्यावेदन पर क्या प्रति क्रिया है?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० वी० ए० सेयद मुहम्मद) : (क) ऐसा कोई अभ्यावेदन सरकार को प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

रासायनिक उत्पादन एककों में वृद्धि

3253. श्री समर गुह : क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में वर्ष 1973-75 में बड़े रासायनिक उत्पादन एककों में कितनी वृद्धि हुई है;

(ख) उनको (एक) विदेशी कम्पनियों, (दो) सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों और (तीन) गैर-सरकारी कम्पनियों सम्बन्धी अलग-अलग आंकड़े क्या हैं; और

(ग) इन कम्पनियों में कौन-कौन से रासायनिक पदार्थों का उत्पादन किया जाता है अथवा किया जायेगा?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) से (ग) : सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

बम्बई हाई तेल क्षेत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम से सहायता

3254. श्री के० एम० मधुकर : क्या पेट्रोलियम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम बम्बई हाई तेल क्षेत्र के विकास हेतु सहायता देने पर सहमत हो गया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या हैं?

पैट्रोलियम मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जियाउर्रहमान अंसारी) : (क) जी हां।

(ख) यू० एन० डी० पी० अपतटीय क्षेत्र के विकास तथा उत्पादन के विशिष्ट पहलुओं तथा क्षेत्र के लिए मूल विकास योजना तैयार करने में तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के कार्मिकों को प्रशिक्षित करने हेतु स्वीकृति दे दी है। जिसमें एक गणीतीय निदर्शन का निर्माण करना शामिल है जिससे अनेक भिन्नता योग्य तथ्यों का मूल्यांकन किया जा सके।

इस योजना के लिए यू० एन० डी० पी० की सहायता 679,550 डालर होगी।

नागरिकों के मूल कर्त्तव्य

3255. श्री बालकृष्ण वेंकप्पा नायक
श्री समर गुह } क्या विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने 27 मार्च, 1976 को दिल्ली में हुए अखिल भारतीय बार-कौन्सिल के सम्मेलन में अपने भाषण में इस बात की वकालत की थी कि हमारे संविधान में नागरिकों के 'मूल कर्त्तव्य' सम्मिलित किये जायें और यदि हां, तो वे मूल कर्त्तव्य क्या हैं;

(ख) क्या ये कर्त्तव्य विधि द्वारा प्रवर्तनीय होंगे;

(ग) क्या ऐसे उपबन्ध किसी अन्य लोकतांत्रिक देश के संविधान में भी हैं और यदि हां, तो उन देशों के नाम क्या हैं; और

(घ) सरकार का उनके इस विचार को संवैधानिक संशोधन का रूप देकर कब तक लागू करने का विचार है?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० वी० ए० सेयद मुहम्मद): (क) विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री ने यह सुझाव उक्त सम्मेलन में रखा था। मूल कर्त्तव्य, जैसी कि उनकी प्रकल्पना की गई है, मोटे तौर पर निम्नलिखित आधार पर हो सकते हैं :—

(i) संविधान और विधियों का पालन,

(ii) कर का भुगतान करने का कर्त्तव्य,

(iii) अन्य नागरिकों के अधिकारों का आदर करने का कर्त्तव्य; और

(iv) सार्वजनिक कर्त्तव्यों और कृत्यों का शुद्ध मन से और ईमानदारी से पालन करने की बाध्यता।

(ख) जी हां।

(ग) नागरिकों के कर्त्तव्यों और उनकी बाध्यताओं संबंधी उपबंध अनेक संविधानों, जैसे कि सोवियत संघ, यूगोस्लाविया, नेपाल, चेकोस्लोवाकिया और डोमिनिकल गणराज्य के संविधानों में पाए जाते हैं।

(घ) निश्चित रूप से यह बताना संभव नहीं है कि इस विषय का विस्तृत अध्ययन करने में और संविधान में संशोधन करने के लिए ठोस प्रस्ताव तैयार करने में कितना समय लग जाएगा।

गैस और मिट्टी के तेल के एजेंटों की नियुक्ति

3256 श्री शंकरराव सावन्त
श्री श्यामर सुन्द महापात्र } : क्या **पेट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुकिंग गैस और मिट्टी के तेल के वितरण के लिए एजेंटों और उपएजेंटों की नियुक्ति के बारे में कोई नीति बनाई गई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी मुख्य बातें क्या हैं?

पैट्रोलियम मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जियाउर्रहमान अंसारी) : (क) सरकारी क्षेत्र तेल कम्पनियों द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों की डीलरशिप देने के बारे में नीति के पुनरीक्षण पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

(ख) उपर्युक्त (क) को ध्यान में रख कर प्रश्न नहीं उठता।

महाराष्ट्र में बिना चौकीदार के रेलवे क्रासिंग

3257. श्री शंकर राव सावंत: क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महाराष्ट्र में बिना चौकीदार के रेलवे क्रासिंग की संख्या कितनी है और उनके नाम क्या हैं; और

(ख) इन क्रासिंगों पर दुर्घटना रोकने के लिए क्या सावधानियां बरती गई हैं?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह): (क) महाराष्ट्र राज्य में 31 मार्च, 1975 को 'ग' श्रेणी के बिना चौकीदार वाले 1,278 समपार थे।

(ख) बिना चौकीदार वाले समपारों पर दुर्घटनाओं की घटनाएं कम करने के लिए विभिन्न उपाय किये गये हैं जैसे बिना चौकिदार वाले समपारों के आगे सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी देने के लिए 'रुको पट्ट' की व्यवस्था; गाड़ी के ड्राइवरों को सीटी बजाने के आदेश के लिए सीटी पट्ट की व्यवस्था; समपारों पर चौकीदारों की आवश्यकता निर्धारित करने के लिए यातायात की गणना; पर्चियो, सिनेमा स्लाइडों, लाउडस्पीकरों पर घोषणाओं, रेडियो वार्ताओं, ड्राइवरों और परिवहन संघों के साथ वैयक्तिक सम्पर्क स्थापित करके सड़क उपयोगकर्ताओं में शैक्षणिक अभियान; समपारों पर अचानक छापे आदि अधिकांश राज्य सरकारों ने मोटर वाहन नियमों के अन्तर्गत कानून बनाकर मोटर ड्राइवरों के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि बिना चौकीदार वाले समपारों से थोड़ी दूर पहले रुक जायें और वाहन के आगे-आगे कन्डक्टर के पैदल चलने पर ही रेल पथ पार करें।

पुलिस प्राधिकारियों के साथ मिलकर छापे भी मारे जाते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि रेल उपयोगकर्ताओं द्वारा मोटर वाहन अधिनियम का कड़ाई से पालन किया जाता है। सभी राज्य सरकारों और केन्द्र प्रशासनों से भी अनुरोध किया गया है कि वे मोटर वाहन नियमों के उपबन्धों को कड़ाई से लागू करें; सभी समपारों के पहुंचमार्गों पर सड़क पर लगाए गए संकेतों के सबसे ऊपर 'खतरा है' शब्द अंकित करायें।

'एस्सो' और 'बर्माशैल' की अधिग्रहण के बाद प्रबन्ध पद्धति

3258. **श्री शंकर राव सावन्त**: क्या **पैट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 'एस्सो' और 'बर्मा शैल' की अधिग्रहण के बाद प्रबंध पद्धति में क्या अन्तर आया है; और

(ख) गत वर्ष के दौरान राजकोष को इनमें से प्रत्येक से कितनी-कितनी आय होने की संभावना थी और वास्तव में कितनी आय हुई?

पैट्रोलियम मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जियाउर्रहमान अंसारी): (क) हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कारपोरेशन लि० (जो पहले एस्सो था) और भारत शोधनशाला लि० (जो पहले बर्मा शैल थी) की प्रबन्ध प्रणाली में कोई मौलिक अन्तर नहीं है। उन दोनों कम्पनियों का प्रबन्ध, सरकारीं क्षेत्र के उपक्रमों के प्रबन्ध के लिए दिये गये मार्ग दर्शन के अनुसार निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है।

(ख) जैसी आशा की गई थी, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लि० जिसकी स्थापना 1974 में की गई थी, ने 1975 में अपनी 10 करोड़ रुपये की साम्य पूंजी पर 15 प्रतिशत लाभांश घोषित किया। भारत सरकार द्वारा स्वामित्व प्राप्त 74 प्रतिशत साम्य पूंजी पर लाभांश में सरकार का शेयर 1.11 करोड़ रुपये का है।

भारत शोधनशाला लि० (बर्मा-शैल) का अधिग्रहण सरकार द्वारा केवल 24-1-1976 से किया गया था, अतः 1975 के दौरान उस कंपनी से राजकोष को न तो किसी लाभ की आशा की न कोई लाभ हुआ।

राजधानी एक्सप्रैस रेल गाड़ियां

3259. **श्री शंकर राव सावन्त** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों में दिल्ली-बम्बई तथा दिल्ली कलकत्ता राजधानी एक्सप्रेस रेल-गाड़ियों से कितना हानि-लाभ हुआ;

(ख) क्या इसी प्रकार की रेलगाड़ियां दिल्ली-मद्रास मार्ग पर चलाये जाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो कब; और

(ग) दिल्ली-बम्बई तथा दिल्ली-कलकत्ता राजधानी एक्सप्रेस प्रतिदिन क्यों नहीं चलाई जाती हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) अलग-अलग गाड़ियों के खर्च का हिसाब-किताब रखने का रिवाज नहीं है। फिर भी, राजधानी एक्सप्रेस की वित्तीय लाभ-कारिता की जांच करने के लिए उसके परिचालन पर हुए कुल खर्च का हिसाब लगाने के उद्देश्य से लोक लेखा समिति की 195वीं रिपोर्ट (जनवरी, 1976) के अनुसार अध्ययन किये जा रहे हैं।

(ख) जी नहीं।

(ग) राजधानी एक्सप्रेस में 130 कि० मी० प्रतिघन्टा की रफ्तार से चलने के योग्य विशेष प्रकार के सवारी डिब्बों के अभाव के कारण इनका फेरा बढ़ाना फिलहाल सम्भव नहीं है।

रेलवे टाइम टेबल के प्रकाशन के बाद उस में परिवर्तन

3260. **श्री एस० सी० सामन्त** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे प्रशासन रेलवे टाइम टेबल के प्रकाशन के बाद उसमें बहुत अधिक परिवर्तन करता है;

(ख) क्या उनको पता है कि इस प्रकार के परिवर्तन करने और कोई नया अथवा संशोधित टाइम टेबल उपलब्ध न होने से यात्रियों को बहुत असुविधा होती है; और

(ग) क्या हर छः महीने बाद रेलवे टाइम टेबल प्रकाशित करने की प्रक्रिया पुनः आरम्भ की जायेगी ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) और (ख) : जी नहीं। लेकिन नयी गाड़ियों के चलाये जाने, गाड़ियों के डीजलीकरण अथवा वर्तमान गाड़ियों की आवृत्ति में वृद्धि के फलस्वरूप समय सारिणी में मध्यावधि परिवर्तन किये गये हैं और इन परिवर्तनों का प्रचार प्रेस विज्ञप्तियों और स्टेशनों के सूचना पट्टों पर सूचना लगाकर किया जाता है

(ग) जी हां। मई, 1976 के अंक से समय सारिणियों का छमाही प्रकाशन करने का प्रस्ताव है।

पिछड़े तथा पर्वतीय क्षेत्रों में रेल लाइनें

2261. **श्री राजदेव सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1976-77 की वार्षिक योजना में 418 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है;

(ख) क्या इसमें पिछड़े तथा पर्वतीय क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने के लिए रेल लाइनों के निर्माण की योजनाएं शामिल हैं; और

(ग) यदि हां, तो योजना की मुख्य बातें क्या हैं ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) जी हां।

(ख) जी हां।

(ग) पिछड़े और पहाड़ी क्षेत्रों के विकास के लिए रेलों द्वारा नयी लाइनों का निर्माण वित्तीय दृष्टि से सम्भव बनाने के उद्देश्य से 1973 में नयी नीति प्रारम्भ की गयी थी जिसकी मुख्य बातें इस प्रकार हैं :—

(i) लाइनों के निर्माण काल में और उनके तैयार हो जाने तथा यातायात के लिए खोल दिए जाने के बाद कुछ निर्दिष्ट वर्षों तक सामान्य राजस्व को लाभांश दायिता के भुगतान से सम्पूर्ण अथवा आंशिक छट;

(ii) राज्य सरकारों या स्थानीय प्राधिकारियों का निर्माण कार्य के लिए भूमि और उसमें लगने वाला श्रम निःशुल्क देकर निर्माण लागत घटाने में सहयोग;

(iii) नवनिर्मित लाइन पर लागू होने वाले किराये और भाड़े के ढांचे में उपयुक्त समायोजित वृद्धि जिसे सामान्यतः 'प्रभार्य मील दूरी की स्फीति' कहा जाता है; और

(iv) किराये और भाड़े खंडों के आधार पर लगाना ताकि मानक किरायों और भाड़ों के 'अधिक दूरी कम किराये' वाले ढांचे से होने वाली कमी की पूर्ति की जा सके।

हिन्दी में विधि पुस्तकें

3262. **श्री राजदेव सिंह** : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका मंत्रालय उस स्कीम को क्रियान्वित कर रहा है जिसके अन्तर्गत विश्वविद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों के रूप में उपयोग के लिए हिन्दी में विधि पुस्तकों तथा हिन्दी भाषी राज्यों में वकीलों के लिए संदर्भ पुस्तकों के प्रकाशन की व्यवस्था है;

(ख) क्या स्कीम की प्रभावकारी क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए कोई मूल्यांकन समिति स्थापित की गई है; और

(ग) यदि हाँ, तो उस समिति के सदस्यों के नाम क्या हैं ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० वी० ए० सेयद मोहम्मद) : (क) जी हां।

(ख) एक तदर्थ मूल्यांकन समिति 25 जुलाई, 1975 से एक वर्ष की या नियमित मूल्यांकन समिति का गठन होने तक की, जो भी पूर्वतर हो, अवधि के लिए गठित की गई है।

(ग) तदर्थ मूल्यांकन समिति के सदस्य निम्नलिखित व्यक्ति हैं :—

1. डा० (श्रीमती) श्रद्धा कुमारी	रीडर, विधि संकाय, लखनऊ विश्व-विद्यालय, लखनऊ।
2. डा० जी० सी० कासलीवाल	प्रोफेसर, विधि संकाय, उदयपुर विश्व-विद्यालय, उदयपुर।
3. डा० वी० आर० चौहान	प्रोफेसर एवं विधि विभागाध्यक्ष और विधि संकायाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला।
4. श्री बी० के० शर्मा, सदस्य-संयोजक	सचिव, राजभाषा (विधायी) आयोग, नई दिल्ली और विधि मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति के पदेन सचिव।

मंगलौर में मँगला उर्वरक कारखाना

3263. श्री राजदेव सिंह : क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंगलौर स्थित मंगला उर्वरक कारखाने में उत्पादन आरम्भ हो गया है;

(ख) क्या कारखाने के किसानों को उर्वरकों का किफायत से उपयोग करने के तरीके बताने के लिए एक 'फार्म सेवा' बनाई है जिससे लागत में 20-30 प्रतिशत की कमी की जा सकती है;

(ग) क्या किसनों को जानकारी दे कर और यूरिया का उत्पादन करके इस कारखाने को विदेशी मुद्रा की बचत हो रही है; और

(घ) यदि हां, तो गत वर्ष कितनी विदेशी मुद्रा की बचत हुई है और क्या देश के अन्य भागों में भी मितव्ययी उपयोग का तरीका क्रियान्वित किया जाएगा ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) और (ख) : जी हां, कम्पनी ने सूचित किया है कि उर्वरक के कम उपयोग के साथ अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लक्ष्य से उर्वरकों के अच्छे तथा कुशल उपयोग पर कृषकों को शिक्षित करने के लिए उन्होंने 'मंगल फार्म सर्विस' स्थापित किए हैं। इसके अतिरिक्त कम्पनी अन्य वैज्ञानिक तथा लाभदायक फार्मिंग तकनीक को 'मंगला फार्म सर्विस' के भाग के रूप में बढ़ा रही है।

(ग) और (घ) : उर्वरकों के कुशल प्रयोग के माध्यम से प्राप्त विदेशी मुद्रा में बचत को यथार्थरूप में मापना संभव नहीं है। अन्य बातों के माध्यम से उर्वरकों के कुशल प्रयोग द्वारा फार्म उत्पादन को अधिकतम करने की सरकारी नीति है।

जबलपुर-इलाहाबाद मार्ग पर रेलगाड़ी का पटरी से उतर जाना

3264. सरदार स्वर्ण सिंह सोखी : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 8 अप्रैल, 1976 को जबलपुर-इलाहाबाद मार्ग पर कोई रेल गाड़ी पटरी से उतर गई थी और इसके परिणामस्वरूप यातायात पर सारे दिन प्रभाव पड़ा; और

(ख) यदि हां, तो गाड़ी के पटरी से उतरने के क्या कारण थे और सरकार का भविष्य में इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही करने का विचार है?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) और (ख) : 8-4-76 को जब आर०-50 अप माल गाड़ी मध्य रेलवे से सतना-इलाहाबाद इकहरी लाइन खण्ड पर चितहरा और खुटहा स्टेशनों के बीच चल रही थी तो यह उक्त खण्ड में छुट गए X/35 डाउन मालगाड़ी के कुछ डिब्बों से टकरा गयी। इस टक्कर के फलस्वरूप आर०-50 अप मालगाड़ी का एक माल डिब्बा और X/35 डाउन मालगाड़ी से अलग हुए डिब्बों में से 5 मालडिब्बे पटरी से उतर गये। परिणामस्वरूप 8-4-1976 को थ्रू यातायात 04.10 बजे से 17.00 बजे तक रुका रहा।

इस दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है। जांच की रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर उपयुक्त कार्रवाई की जायेगी।

मोतीपुर के समीप 479 अप यात्री गाड़ी में आग लगना

3265. सरदार स्वर्ण सिंह सोखी : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिनांक 8 अप्रैल, 1976 को पूर्वोत्तर रेलवे के मुजफ्फरपुर नरकटियागंज सेक्शन के मोतीपुर रेलवे स्टेशन की ओर जाती हुई 479 अप यात्री गाड़ी में आग लग गई थी;

(ख) क्या बहुत सी महिला यात्री और बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए थे;

(ग) क्या आग से किसी यात्री की मृत्यु हुई थी; और

(घ) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या हैं?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) से (घ) 8-4-1976 को लगभग 11.07 बजे जबकि यात्री गाड़ी सं० 479 अप मोतीपुर स्टेशन में दाखिल हो रही थी, एक स्त्री जिसकी गोद में एक बच्चा था अपनी बेटी सहित दूसरे दर्जे के डिब्बे, जो इंजन से पांचवां डिब्बा था, से बाहर कूद पड़ी क्योंकि इस में आग लग गयी थी। महिला यात्री का पिता और उसका बड़ा लड़का बाद में प्लेट फार्म पर कूद पड़े। महिला यात्री को गंभीर चोटें आयी लेकिन पता चला है कि उसके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। जहां उसके पिता और एक बच्चे को साधारण चोटें आई हैं, अन्य दो बच्चों को मामूली चोटें आयीं जैसे थोड़ी खरोंच आदि। अन्य सभी यात्री सुरक्षित उतर गए।

प्रभावित डिब्बे को तुरन्त काट कर अलग कर दिया गया। गाड़ी एक घन्टा और चालीस मिनट रुकने के बाद मोतीपुर से उस डिब्बे के बिना चली।

रेल अधिकारी के पास अत्यधिक परिसम्पत्तियां होना

3266. सरदार स्वर्ण सिंह सोखी : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे सतर्कता विभाग ने हाल ही में मद्रास में एक रेलवे अधिकारी को पकड़ा है जिसके पास उसके ज्ञात आय के स्रोतों की तुलना से बहुत अधिक परिसम्पत्तियां थीं;

(ख) यदि हां, तो उसके बारे में तथ्य क्या ह; और उसके नाम पर कितनी परि-सम्पत्तियां थीं; और

(ग) सरकार का उसके विरुद्ध क्या कार्यवाही करने का विचार है?

रेल मन्त्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) से (ग) केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने मद्रास में एक रेलवे अधिकारी के निवास स्थान की तलाशी ली है और जांच-पड़ताल चल रही है।

वीरमगाम-ओखा लाइन को बड़ी लाइन में बदलना

3267. **श्री अरविन्द एम० पटेल**
श्री एन० आर० बेकारिया } : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वीरमगाम से ओखा तक छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के कार्य में कितनी प्रगति हुई है; और

(ख) यह कार्य कब तक पूरा हो जायेगा।

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) इस आमान परिवर्तन के काम में कुल मिलाकर लगभग 40 प्रतिशत वास्तविक प्रगति हुई है।

(ख) आशा है कि पहले चरण में वीरमगाम से राजकोट (181 कि० मी०) तक का खंड यातायात के लिए 31-3-1978 तक खोल दिया जायेगा बशर्ते पर्याप्त धन उपलब्ध हो।

ऐसी स्थिति में राजकोट से ओखा/पोरबन्दर लाइन के शेष भाग को पूरा होने की निश्चित तारीख नहीं बताई जा सकती क्योंकि बाद के वर्षों में कितना धन उपलब्ध होगा, इसकी जानकारी नहीं है।

प्रतिजीवाणु (एण्टीबायोटिक्स) औषधियों का निर्माण करने वाली कम्पनियां

3268. **श्री अरविन्द एम० पटेल**
श्री एन० आर० बेकारिया } : क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रतिजीवाणु औषधियों का निर्माण करने वाली कम्पनियों के नाम क्या हैं;

(ख) क्या कोई विदेशी कम्पनी प्रतिजीवाणु औषधियों का निर्माण कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो व कौन सी मदों का निर्माण करती हैं?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) से (ग) वांछित आंकड़े औषध और भेषज उद्योग की समिति की रिपोर्ट के अध्याय 11 (पृष्ठ 26 और 27) के परिशिष्ट 1 में दिए हुए हैं, जिसकी एक प्रति 8-5-1975 को सभा पटल पर प्रस्तुत की गई थी।

मैसर्स ड्यूमैक्स के नाम में परिवर्तन

3269. **श्री भालजी भाई रावजीभाई परमार :** क्या **रसायन और उवरक** मंत्री ड्यू-मैक्स और फीजर के दो पृथक कम्पनियों के रूप में कार्य करने के बारे में 23 मार्च, 1976 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1187 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसर्स ड्यूमैक्स के नाम में परिवर्तन से पूर्व फीजर (इण्डिया) भारत में निगमित हुई थी तथा क्या नाम के परिवर्तन में स्वामित्व का परिवर्तन भी निहित था;

(ख) क्या किसी विदेशी कारखाने के नये निगमन के लिए लाइसेंसिंग समिति/विदेशी करार समिति से अनुमति लेनी पड़ती है और यदि हां, तो क्या ड्यूमैक्स का नाम बदलकर फीजर के बारे में ऐसे प्राधिकरण से स्वीकृति ली गई थी; और

(ग) मैसर्स ड्यूमैक्स को मूलत: दिये गये मदों सहित लाइसेंसों/अनुमोदनों, क्षमताओं और शर्तों का ब्यौरा क्या है; और लाइसेंसों की मंजूरी फीजर के नाम किस प्रकार की दी गई और लाइसेंसिंग समिति ने इसका अनुमोदन कब किया ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर प्रस्तुत की जायेगी।

औषध फर्मों को जारी की गई अधिसूचना

3270. **श्री भालजीभाई रावजीभाई परमार :** क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने औषध निर्माण फर्मों को एक अधिसूचना संख्या एल०/11011/3/75-सी० एच० III जारी की है;

(ख) यदि हां, तो इसमें किस प्रकार की जानकारी मांगी गई है और 26 प्रतिशत से अधिक विदेशी ईक्विटी पूंजी वाली कितनी विदेशी फर्मों ने यह जानकारी दे दी है; और

(ग) विदेशी क्षेत्र की 12 बड़ी फर्मों से प्राप्त हुई जानकारी की मुख्य बातें क्या हैं ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) से (ग) पत्र संख्या एल/11011/3/75-कैमी-III की एक प्रतिलिपि, अनुलग्नक सहित संलग्न है [ग्रन्थालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी० 10776/76] अभी तक सभी एककों से आंकड़े प्राप्त नहीं हुए हैं। 26 % से अधिक विदेशी साम्य पूंजी वाले 29 औषध फर्मों ने अपेक्षित सूचना भेज दी है।

वैगन उद्योग को प्राप्त नये क्रयादेश

3271. **श्री टुना उरांव :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में वैगन बनाने के लिए वैगन उद्योग को कोई नए क्रयादेश दिए गए हैं ;

(ख) यदि हां, तो दिए गए क्रयादेशों का कारखानेवार ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या अधिकांश कारखानों ने पहले क्रयादेशों के वैगन भी सप्लाई नहीं किए;

(घ) यदि हां, तो इन कारखानों के पास असम्पन्न पड़े क्रयादेशों का अद्यतन ब्यौरा क्या है; और

(ङ) आज तक के इन सभी क्रयादेशों के वैगन सप्लाई करने का काम पूरा करने के लिए उनके मंत्रालय द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) जी हां।

(ख) से (घ) अपेक्षित सूचना अनुबन्ध 'क' और 'ख' में दी गई है। [ग्रन्थालय में रखे गए। देखिए संख्या एल० टी०-10777/76]

(ङ) वैगनों के नए क्रयादेशों को दस चालू कारखानों में इस प्रकार बांटा गया है कि पिछले आर्डरों की सुपुर्दगी के साथ-साथ अतिरिक्त आर्डरों को दिसम्बर, 1978 तक निपटाया जा सके। यदि कारखाने वर्तमान उत्पादन क्षमता को कायम रखते हैं तो वे आर्डरों की उक्त सुपुर्दगी के समय तक पूरा कर देंगे, बशर्ते कि धन उपलब्ध हो।

हावड़ा डिवीजन की बी० ए० के० लूप लाइन को लालगोल-सियालदह डिवीजन से जोड़ना

3272. **श्री टुना उरांव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हुगली भागीरथी नदी के दायें तट पर पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन की बी० ए० के० लूप लाइन को सियालदह डिवीजन के लालगोला-सियालदह सैक्शन से जोड़ने के लिए कोई कार्यवाही की गई है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में अब तक की गई कार्यवाही की मुख्य बातें क्या हैं।

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) और (ख) नैहाटी-बंडेल और डमडम-डांकुनी लाइनों पर हुगली नदी के ऊपर बने पुलों द्वारा ये दोनों खण्ड पहले से ही जुड़े हुए हैं। प्रत्याशित यातायात की ढुलाई के लिए इन पुलों पर पर्याप्त क्षमता उपलब्ध है। बंडेल और नैहाटी के बीच स्थित जुबली पुल की क्षमता में और सुधार करने के उद्देश्य से पुल को मजबूत करने की सम्भावना की भी जांच की जा रही है। भविष्य में भागीरथी नदी पर एक और पुल बनाने के लिए एक प्रारम्भिक सर्वेक्षण भी किया गया है और कल्याणी के नजदीक एक स्थान को सब से उपयुक्त समझा गया है।

रेल इंडिया टेक्नीकल एण्ड इकानामिक सर्विसेज लिमिटेड का कार्यकरण

3273. **श्री बालकृष्ण वेकन्नानायक** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेल इंडिया टेक्नीकल एण्ड इकानामिक सर्विसेज लिमिटेड ने कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो वे टेंडर कौन-कौन से हैं जो यह प्रस्तुत कर सकीं है ;

(ग) शुरु की जा रही परियोजनाओं का कितना मूल्य है और वे कहां-कहां स्थित हैं; और

(घ) परियोजना पूरी करने में विदेशी मुद्रा की कितनी राशि का पूंजी निवेश किया जाएगा और इससे विदेशी मुद्रा की कितनी राशि की आय होगी और क्या बंगलौर में प्रस्तावित एक्सल कारखाने से विदेशी मुद्रा की बचत होगी और यदि हां, तो कितनी ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) रेल इंडिया टेक्नीकल एण्ड इकानामिक सर्विसेज लिमिटेड ने अब तक विदेशों को कुल 19 और भारत में 4 प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं, जिनमें से निम्नलिखित परियोजनाएं उन्हें प्रदान की गई हैं :—

परियोजना/स्थान	मूल्य
केरमान और शरगज़ (ईरान) के बीच 326 किलोमीटर लम्बी एक नई लाइन के लिए प्रारम्भिक व्यावहारिकता एवं लागत अध्ययन	163 लाख रियाल (21.45 लाख रुपए)
सीरिया में 3 नयी लाइनों के लिए आर्थिक अध्ययन सहित व्यावहारिकता एवं लागत अध्ययन	11:25 लाख सीरियन पाउंड (24.75 लाख रुपए)
असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर एक सड़क सहित रेलपुल के लिए प्रारम्भिक सर्वेक्षण	25 लाख रुपए

(घ) रेल इंडिया टेक्नीकल एण्ड इकानामिक सर्विसेज लिमिटेड द्वारा इन परियोजनाओं को पूरा करने में विदेशी मुद्रा का निवेश और उनसे विदेशी मुद्रा की शुद्ध प्राप्ति क्रमशः 1.69 लाख और 21.70 लाख रुपए होने की संभावना है ।

वेंगलूरु में प्रस्तावित पहिया और धुरा कारखाने से विदेशी मुद्रा की बचत होगी । तथापि रे० इं० टे० ई० एस० का सम्बन्ध इस परियोजना से नहीं है । 1975-76 की अवधि में पहिया सेटों, पहियों, टायरों और धुरों का कुल मिलाकर बन्दरगाह तक आयात मूल्य 35 करोड़ रुपए के लगभग रहा है । वर्षानुवर्ष के आधार पर यह बचत उस समय होगी जब रेलवे संयंत्र स्थापित कर देगी और वह अपने संस्थापित क्षमता के अनुसार काम करने लगेगी ।

Strength of Staff and Officers on Eastern Railway

3274. SHRI RAMAVATAR SHASTRI: Will the MINISTER OF RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether there is a ban imposed on the recruitment of ministerial staff since 1962 and even the resultant vacancies caused due to transfers, retirement or deaths of such staff have not been allowed to be filled up;

(b) whether there is no ban on increasing the number of other staff such as line staff, technical staff and officers; and

(c) the number of ministerial staff, other staff and officers on the Eastern Railway in 1973, 1974 and 1975, year-wise ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI BUTA SINGH): (a) A ban both on the recruitment of ministerial staff and on the creation of ministerial posts was imposed in 1960 and has been continuing since then subject to certain modifications notified from time to time. During the years 1969-70 to 1974-75, recruitment against a certain proportion of vacancies—varying from 50% to 75%—was permitted. Moreover, the recruitment rules require that a certain proportion of vacancies be filled by promotion from amongst qualified Class IV staff. Appointments of wards of Railway employees on compassionate grounds and of outstanding sportsmen are also permitted. It is, therefore, not correct that vacancies caused due to wastage in various forms have not been allowed to be filled up.

(b) There is a complete ban on creation of posts chargeable to Grant No. 4, ie., Administration.

Posts chargeable to other Revenue Grants can be created under certain conditions, e.g., if required for the operation and/or maintenance of new Plan assets.

(c)

	1973	1974	1975
Officers	991	1015	1053
Ministerial . . .	19495	19321	19481
Non-Ministerial . . .	183994	185677	181254

कुट्टीपुरम–त्रिचूर रेलवे लाइन के बारे में निर्णय

3275. **श्री सी० के० चन्द्रप्पन :** क्या रेल मंत्री कुट्टीपुरम-गुरुवायूर रेलवे लाइन के सर्वेक्षण प्रतिवेदन के बारे में 23 मार्च, 1976 के तारांकित प्रश्न संख्या 203 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) यह सर्वेक्षण प्रतिवेदन कितने समय से रेलवे बोर्ड के विचाराधीन है ।

(ख) वरास्ता गुरुवायर कुट्टीपुरम से त्रिचूर तक रेलवे लाइन बनाने के पक्ष में अन्तिम रूप से निर्णय करने में सरकार को कितना समय लगेगा;

(ग) क्या केरल राज्य सरकार इस लाइन के लिए स्लीपर सप्लाई करने पर सहमत हो गई है ; और

(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) सर्वेक्षण-रिपोर्ट जनवरी, 1976 में प्राप्त हो गई थी और उसी समय से जांच की जा रही है ।

(ख) सभी सम्बद्ध पहलुओं को दृष्टिगत रखते हुए सर्वेक्षण रिपोर्ट की जांच की जा रही है। रिपोर्ट की जांच पूरी होते ही इस लाइन के निर्माण के सम्बन्ध में विनिश्चय किया जायेगा । लेकिन यह अन्य बातों के साथ-साथ संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

लम्बित मामलों को निपटाने के लिए उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों की विशेष बैंचें

3276. **श्री सी० के० चन्द्रप्पन :** क्या विधि न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में इस समय लम्बित मामलों को निपटाने में कितना समय लगेगा ;

(ख) क्या लम्बित मामलों को निपटाने के लिए उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों की विशेष बैंचें स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ग) विभिन्न उच्च न्यायालयों में कितने मामले 25 वर्ष से अधिक अवधि से लम्बित पड़े हैं ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० वी० ए० सैय्यद मोहमद) : (क) कोई निश्चित समय बताना संभव नहीं है ।

(ख) ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

(ग)	मद्रास उच्च न्यायालय	4	31-12-75 को जो स्थिति थी उसके अनुसार आंकड़े ।
	पटना उच्च न्यायालय	2	
	मुम्बई उच्च न्यायालय	3	
	मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय	1	
	कलकत्ता उच्च न्यायालय	22	
	इलाहाबाद उच्च न्यायालय	13	1-7-75 को जो स्थिति थी उसके अनुसार ।

अन्य उच्च न्यायालयों/उच्चतम न्यायालय में ऐसा कोई मामला लम्बित नहीं है ।

तत्कालीन रेल मंत्री के अन्तिम भाषण का प्रकाशित किया जाना

3277. **श्री भोगेन्द्र झा :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या तत्कालीन रेल मंत्री श्री एल० एन० मिश्र द्वारा 2 जनवरी, 1975 को समस्तीपुर से मुजफ्फरपुर तक ब्राडगेज लाइन बढ़ाए जाने का उद्घाटन करते समय जो भाषण दिया गया था, उसका लोगों में प्रचार किया जायेगा ।

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : भाषण का पहले ही व्यापक प्रचार किया गया है ।

विदेशी औषध फर्मों को जारी किये अनुज्ञा-पत्र

3278. **श्री सोमचन्द सोलंकी :** क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विदेशी औषध फर्मों को कितने अनुज्ञा-पत्र जारी किए गए, कम्पनी का नाम, अनुज्ञा-पत्रों का ब्योरा, संख्या, मदों तथा क्षमता का ब्यौरा क्या है और उनके द्वारा इन मदों में से कितनी बनाई जानी हैं। और आयात तत्व क्या हैं, और

(ख) क्या हाथी समिति की एक उप-समिति इस निष्कर्ष पर पहुंची कि अनुज्ञापत्रों से उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम का उल्लंघन हुआ है और विदेशी फर्मों को दिए गए सी० ओ० बी० लाइसेंस भारतीय क्षेत्र के एककों के लिए हानिकर हैं ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी): (क) और (ख) विदेशी औषध फर्मों को जारी किए गए अनुमति पत्रों के ब्यौरे औषध एवं भेषज उद्योग पर समिति की रिपोर्ट के अध्याय I/ के अनुबन्ध II में दिए गए हैं जो 8-5-75 को सभा पटल पर रख दी गई थी । अनुमति पत्रों/सी० ओ० बी० लाइसेंसों पर हाथी समिति की उप-समिति की रिपोर्ट, रिपोर्ट के अध्याय I/के अनुबन्ध-III में दी गई है। अनुमति पत्र द्वारा शामिल विषयों में आयात विषय और उत्पादन आंकड़े रखे जाते हैं ।

Foreign monopoly in Railway Bookstalls

3279. SHRI K. M. MADHUKAR: Will the MINISTER OF RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the demand made by All India Railway Book Stall Union that monopoly of foreign companies in the book stalls should be abolished; and

(b) if so, Government's reaction thereto and the action proposed to be taken by Goverument ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI BUTA SINGH): (a) No.

(b) Does not arise.

रेलवे में खोमचों के ठेकों में उप-ठेके

3280. **श्री नरेन्द्र कुमार सांधी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्राय: रेलवे में खोमचों के ठेके उन के धारकों द्वारा नहीं चलाए जाते अपितु वे मासिक आय पर अन्य व्यक्तियों को दे दिए जाते हैं ;

(ख) क्या उपरोक्त प्रथा के परिणामस्वरूप रेलवे प्लेटफार्म पर खोमचेवालों द्वारा बेची जाने वाली खाद्य सामग्री उतनी अच्छी किस्म की नहीं होती जितनी होनी चाहिए; और

(ग) क्या समय समय पर यह सुनिश्चित करने के लिए जांच पड़ताल की जाती है कि इन ठेकों के उप-ठेके न दिए जाएं और यदि हां, तो वर्ष 1974 में विभिन्न जोनों में ऐसी जांच के क्या परिणाम रहे और दोषी व्यक्तियों के मामले में क्या कार्यवाही की गई ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) जी नहीं।

(ख) जी नहीं।

(ग) जी हां। ऐसे जांच के परिणामस्वरूप वर्ष 1974 के दौरान उत्तर रेलवे और दक्षिण मध्य रेलवे में से प्रत्येक पर एक एक अर्थात् दो ठेके समाप्त कर दिए गए हैं।

कोयला वैगनों में कोयले का लदान

3281. **श्री नरेन्द्र कुमार सांधी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में सरकार को पता चला है कि रेलवे और राज्यों द्वारा संचालित बिजलीघरों सहित विभिन्न उपभोक्ताओं के लिए कोयला वैगनों में लादे जाने वाले कोयले का वजन कम रह जाता है ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1975 में ऐसे कितने मामलों का पता चला है और उनमें कितना कोयला कम पाया गया; और

(ग) प्रत्येक मामले में उपभोक्ताओं को कितनी वित्तीय हानि हुई और यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है कि उपभोक्ता को उतनी मात्रा मिले जिसके लिए वह भुगतान करता है।

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) जी हां।

(ख) यद्यपि रेलों पर नियमित रूप से ऐसे कोई आंकड़े नहीं रखे जाते तथापि पूर्व रेलवे पर अप्रैल से दिसम्बर 1975 तक की अवधि के दौरान परीक्षण के रूप में जो वजन लिए गए थे उनसे मालूम हुआ था कि तोले गए कोयले के माल डिब्बों में से 19.7 प्रतिशत माल डिब्बों का वजन कम पाया गया था।

(ग) रेलों को यह मालूम नहीं है कि कम वजन के कारण प्रत्येक उपभोक्ता को कितनी वित्तीय हानि हुई।

ये ज़िम्मेदारी कोयला उत्पादक एजेंसियों की है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके ग्राहक जिस कोयले का मूल्य देते हैं उन्हें ठीक उसी किस्म का कोयला मिलता है।

Writing off Bad Debt by I.O.C.

3282. SHRI M. C. DAGA : Will the MINISTER OF PETROLEUM be pleased to state :

(a) whether a sum of Rs. 44·62 lakhs was written off by the Indian Oil Corporation during the years 1969-70 to 1972-73 by way of bad debt; and

(b) if so, the reasons therefor and the names of persons found guilty and whether they have been punished?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PETROLEUM (SHRI ZIAUR RAHMAN ANSARI) : (a) and (b) Yes, Sir. The matter has also been dealt with in the 73rd Report (Chapter I—Paragraphs 22-24) of the Committee on Public Undertakings (Fifth Lok Sabha) and necessary action is being taken in accordance with the Committee's recommendations.

Cases against Companies Filed in 1974-75

3283. SHRI M. C. DAGA: Will the MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) the names of the companies against which cases were filed in the courts under Company Law in 1974-75; and

(b) the number of companies, out of them, which were punished indicating the nature of punishment given to them and the number of cases in which judgments were passed?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI BEDABRATA BARUA): (a) & (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

Completion of Delhi-Ahmedabad Line Conversion into Broad Gauge During Fifth Plan

†3284. SHRI M. C. DAGA: Will the MINISTER OF RAILWAYS be pleased to state:

(a) since when the scheme to convert the metre gauge railway line from Delhi to Ahmedabad into broad gauge line has been pending and when will it be implemented; and

(b) whether this scheme will be completed during Fifth Five Year Plan ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI BUTA SINGH): (a) & (b) Engineering and traffic surveys carried out during 1972-73 for the conversion of Delhi-Ahmedabad MG section into BG have revealed that this project of length 925 kms will cost about Rs. 108 crores. In view of the availability of inadequate funds to complete the works in progress and for which commitments have already been made, it may not be possible to take up this project in the 5th Plan unless there is a marked improvement in the availability of funds for taking up gauge conversion projects.

उधार लाइसेंस व्यवस्था के अन्तर्गत विदेशी औषध कंपनियों द्वारा औषधियों का निर्माण

3285. **श्री खेमचन्द भाई चावडा :** क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन मदों के नाम कहीं हैं जो शत प्रतिशत विदेशी औषध कम्पनियां उधार लाइसेंस व्यवस्था के आधार पर अन्य निर्माता कम्पनियों से निर्माण करवा रही हैं और क्या उक्त कार्य के लिए किसी अनुमति की आवश्यकता होती है और यदि हां, तो उन कम्पनियों द्वारा प्राप्त अनुमति का ब्यौरा क्या है; और

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान शत प्रतिशत विदेशी कम्पनियों को कितनी-कितनी मात्रा में आयातित तथा सरकारी एजेंसी के माध्यम से मंगाया गया कच्चामाल **उधार लाइसेंस** व्यवस्था के अन्तर्गत फार्मूलेशन सम्बन्धी कार्यों के लिए दिया गया ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) संगठित क्षेत्र में 56 औषध फर्में थी जो अन्य एककों से ऋण लाइसेंस आधार पर उत्पादित अपने कुछ मदों को प्राप्त

कर रही थी जैसा कि 1972 में था। इनमें से 3 कम्पनियों के पास 100% विदेशी साम्यपूंजी है।

औषध एवं सौन्दर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 के अन्तर्गत ऋण लाइसेंस व्यवस्थाएं अनुमेय हैं तथा इससे देश में प्लांट एवं मशीनरी के अधिकतम उपयोग में सहायता मिलेगी।

(ख) ऊपर बताए गए 3 कम्पनियों के सम्बन्ध में अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है एवं सभा पटल पर प्रस्तुत की जाएगी।

विदेशी कंपनियों को दिया गया आयातित कच्चा माल

3286. **श्री खेमचन्द भाई चावडा :** क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) गत तीन वर्षों में आयातित और सरकारी एजेंसियों के माध्यम से शत प्रतिशत विदेशी मंगा कर कम्पनियों को दिए गए कच्चे माल के नाम, मात्रा और मूल्य कितना-कितना है ;

(ख) गत तीन वर्षों में इन कम्पनियों ने औषध 'फार्मूलेशन' के निर्यात से कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की और लाभांश, रायल्टी आदि के रूप में कितनी विदेशी मुद्रा बाहर भेजी और इन कम्पनियों की, कम्पनीवार, मूल तथा वर्तमान इक्विटी पूंजी कितनी है ;

(ग) क्या इन कम्पनियों को आयातित तथा सरकारी एजेंसियों के माध्यम से मंगाया गया कच्चा माल उनकी मंजूरशुदा क्षमताओं से अधिक दिया गया है और उन्होंने अधिक उत्पादन करके अपनी लाभ प्रदत्तता में वृद्धि की है आस्तियां बनाई हैं, रक्षित निधियां बनाई गई हैं और लाभांश विदेश भेजे हैं और यदि हां, तो क्या लाइसेंस प्राप्त क्षमताओं के अनुसार आयातित और सरकारी एजेंसियों के अनुसार आयातित और सरकारी एजेंसियों के माध्यम से मंगाये गए कच्चे माल को सीमित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या है ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है एवं सभा पटल पर प्रस्तुत की जाएगी।

किन्ही विदेशी फर्मों द्वारा पंजीकरण प्रमाणपत्रों पर क्षमताओं के पृष्ठांकन के लिए आवेदन-पत्र

3287. **श्री खेमचन्द भाई चावडा :** क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय द्वारा घोषित नीति के आधार पर कितनी विदेशी औषध कम्पनियों ने अपने पंजीकरण प्रमाणपत्रों पर क्षमताओं का पृष्ठांकन करने के लिए आवेदन-पत्र दिए हैं और उनके नाम और मदें क्या हैं और उन्होंने कितनी क्षमता के लिए आवेदन-पत्र दिए हैं।

(ख) क्या अनेक कम्पनियों ने पूरे उपयोग के लिए आवेदनपत्र दिए हैं परन्तु सरकार की अनुमति के बिना अनेक 'फार्मुलेशन्स' बनाने आरम्भ कर दिए हैं और अब उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र में सम्मिलित दिखा रहे हैं ; और

(ग) ऐसे कितने मामलों की जानकारी सरकार को मिली है और क्या सरकार का विचार इन कम्पनियों द्वारा बाहर भेजी जाने वाली विदेशी मुद्रा की छानबीन करने का है ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : (क) से (ग) अब तक 11 विदेशी औषध कम्पनियों ने (40 प्रतिशत से अधिक साम्य पूंजी सहित) अपने पंजीकृत प्रमाणपत्रों पर क्षमताओं को बनाए रखने के लिए आवेदन दिए हैं। बनाए रखने के लिए इन आवेदन पत्रों में संबंधित आंकड़े शामिल हैं जिससे क्षमताओं को निर्धारित करने में सहायता मिलेगी इन मामलों की विस्तृत में जांच की जानी है इस लिए प्रश्न के (ख) और (ग) भागों में मांगी गई सूचना इस समय नहीं दी जा सकती।

शत-प्रतिशत विदेशी औषध कंपनियों को मिलाकर एक कम्पनी बनाना

3288. **श्री खेमचन्द भाई चावड़ा** : क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार ने शत-प्रतिशत विदेशी औषध कम्पनियों द्वारा अपनी सहयोगी कम्पनियों को मिलकर एक कम्पनी बनाने के प्रस्तावों पर निर्णय कर लिया है और यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : 110 औषध कम्पनियों 100 विदेशी साम्य पूंजी धारी हैं। मैसर्स में एण्ड वाकर लि० ने मैसर्स में एण्ड वाकर (इण्डिया) प्रा० लि० के साथ एकीकरण की स्वीकृति के लिए रिजर्व बैंक आफ इण्डिया को आवेदन पत्र भेजा है। यह समझा गया है कि आवेदन पत्र रिजर्व बैंक आफ इण्डिया के पास लम्बित पड़ा है।

Arrivals of Trains at Delhi and new Delhi

3289. SHRI SHANKAR DAYAL SINGH: Will the MINISTER OF RAILWAYS be pleased to state:

(a) the number of trains which arrived in time, before time and late at Delhi and New Delhi stations respectively from different parts of the country during the period from 1st to 31st January, 1976.

(b) whether most of the trains arrive at Delhi before scheduled time and they have to stop at outer signal; and

(c) if so, whether Government propose to revise the time-table?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI BUTA SINGH): (a) A statement is attached.

(b) No.

